नई दिल्ली
शनिवार 27 सितंबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 164
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

**मौसम**
अधि. 36
न्यून. 28

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अमेरिकी राष्ट्रपति का टैरिफ को लेकर नई दिल्ली पर एक और बड़ा प्रहार...

# ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर 1 अक्टूबर से लगाया 100 फीसदी टैरिफ, भारत की मामले पर पैनी नजर

- बोले जायसवाल, सोशल मीडिया से मिली हमें इसकी जानकारी, मुद्दे के प्रभावों की जांच में जुटे संबंधित मंत्रालय और विभाग
- रूसी सेना में सेवारत हैं 27 भारतीय। नागरिकों की रिहाई के लिए प्रयास जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली



अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीद के मसले पर एक बार फिर से नई दिल्ली को अपने निशाने पर लिया है। जिसमें उन्होंने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं के आयात पर शत-प्रतिशत (100 फीसदी) तक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जो अगले महीने की शुरुआत यानी 1 अक्टूबर से पूरी तरह से लागू हो जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एफ1बी वीजा पर संपर्क बना हुआ

*उन्होंने बीते 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में यूएनजीए की बैठक के पूर्व में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई पहली प्रत्यक्ष द्विपक्षीय बैठक का भी जिक्र किया। जिसमें बताया कि बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डॉ. एस. जयशंकर के बीच हुई चर्चा के केंद्र में व्यापार व शुल्क जैसे मुद्दों पर केंद्रित थी। द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर भी इस दौरान चर्चा की गई थी। एच1बी वीजा के मामले पर विदेश मंत्रालय और वाशिंगटन डीसी में हमारा दूतावास अमेरिका के प्रशासन के साथ सक्रिय संपर्क में बना हुआ है। जिसके बाद अमेरिकी पक्ष ने स्पष्टीकरण के साथ ही एफएक्यू जारी किए कि ये कैसे आगे बढ़ेगा? अभी एच1बी वीजा एक उभरती हुई स्थिति है। दोनों पक्ष विभिन्न स्तरों पर संपर्क में हैं।*

### अमेरिका से हुई 2,417 भारतीयों की वापसी

*रणधीर ने कहा कि इस साल जनवरी महीने से 2 हजार 417 भारतीयों को वापस भारत भेजा जा चुका है। हमारा अवैध प्रवासन को लेकर मजबूत रुख कायम है। साथ ही हम प्रवासन के वैध तरीकों को बढ़ावा दिए जाने के पक्ष में हैं। लेकिन साथ ही ऐसे किसी भी मामले में भारतीय नागरिक होने को लेकर किए जा रहे किसी भी दावे की हम बेहद गंभीरता के साथ व्यापक पड़ताल करते हैं। उदाहरण के साथ उन्होंने बताया कि ऐसा कोई व्यक्ति जिसकी किसी अन्य देश में कोई वैध उपस्थिति नहीं है। बावजूद इसके अगर वो यह दावा करे कि वह एक भारतीय नागरिक है। हम उससे जुड़ी हुई पृष्ठभूमि की जांच करेंगे, उसकी राष्ट्रीयता को पुख्ता करेंगे और उसके बाद उसे स्वदेश में वापस लेने की स्थिति में होंगे। यह प्रक्रिया अमेरिका से भारत वापस भेजे जा रहे तमाम लोगों के संबंध में भी लागू होती है।*

यह नेटवर्क देश का पहला व पूरी तरह स्वदेशी

# पीएम आज करेंगे स्वदेशी 4 जी नेटवर्क और 98,000 मोबाइल टावरों का शुभारंभ

**इस पहल से देश का कोई भी हिस्सा संचार कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा**




एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को देश का पहला पूरी तरह स्वदेशी, सॉफ्टवेयर-आधारित 4जी नेटवर्क लॉन्च करेंगे, जिसे भविष्य में 5जी के लिए भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही, पूरे देश में लगभग 98,000 नए मोबाइल टावर भी लगाए जाएंगे। यह जानकारी केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को साझा की। सिंधिया ने इसे निर्णायक ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत का 100% 4जी सैचुरेशन नेटवर्क पूरा

यह परियोजना भारत को शीर्ष दूरसंचार उपकरण निर्माताओं की श्रेणी में ले जाएगी। स्वदेशी 4जी स्टैक में रेडियो एक्सेस नेटवर्क तेजस नेटवर्क्स द्वारा, कोर नेटवर्क, सी-डॉट द्वारा और सिस्टम इंटीग्रेशन टीसीएस द्वारा किया गया है। इसका क्रियान्वयन बीएसएनएल द्वारा आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत किया जा रहा है। सिंधिया ने यह भी बताया कि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### पंचम:स्कंध माता



सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी॥

नाटो महासचिव के बयान को सिरे से खारिज करते हुए बोला भारत...

# मोदी-पुतिन की फोन वार्ता पर की गई मार्क रूट की टिप्पणी तथ्यात्मक रूप से गलत और आधारहीन

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

नाटो महासचिव के विवादित बयान को लेकर शुक्रवार को भारत ने दो टूक अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि मार्क रूट का ये कहना कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर बातचीत हुई है।

जिसमें पीएम मोदी ने पुतिन से यूक्रेन की उनकी योजना के बारे पूछा। जो कि तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह से गलत और निराधार है। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी भी रूसी राष्ट्रपति से उस तरह से संवाद नहीं किया है। जिस तरह का दावा रूट ने अपने बयान में किया है। भारत नाटो जैसे महत्वपूर्ण संगठन के नेतृत्व से यह अपेक्षा करता है कि वो सार्वजनिक बयानों में जिम्मेदारी और सटीकता बरतें।

*नाटो से अपेक्षा सार्वजनिक बयानों में जिम्मेदारी और सटीकता बरतें*




### राष्ट्रीय हितों के लिए उठाएंगे कदम

*रणधीर ने यूक्रेन युद्ध के बीच रूस से जारी तेल आयात को लेकर भारत के पक्ष को दोहराते हुए कहा कि इसके पीछे भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा के मद्देनजर तमाम फैसला लेता है। पूर्व में भी हमने ये स्पष्ट किया है कि ऊर्जा आयात के पीछे हमारा उद्देश्य देश के आम उपभोक्ताओं की ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए हर संभव कदम उठाना है। जिसके केंद्र में अनुमानित और किफायती ऊर्जा लागत सुनिश्चित करना अहम है। देश अपने राष्ट्रीय हितों को देखते हुए तमाम जरूरी कदम उठाता रहेगा।*

### ये है मार्क रूट के बयान का सार

*दरअसल बीते गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) से इतर सीएनएन से बातचीत में रूट ने कहा था कि रूस से तेल खरीद पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नई दिल्ली पर जुर्माने के साथ लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन से फोन बात की और यूक्रेन को लेकर अपनी योजना साझा करने के लिए कहा। बकौल रूट, नरेंद्र मोदी पुतिन से पूछ रहे हैं कि मैं आपका समर्थन करता हूं। लेकिन क्या आप मुझे यूक्रेन को लेकर रूस की रणनीति के बारे में समझा सकते हैं? क्योंकि अमेरिका के लगाए हुए 50 फीसदी टैरिफ से मैं भी प्रभावित हो रहा हूं।*

### पुतिन ने मोदी को दी जन्मदिन की बधाई

*गौरतलब है कि भारत-रूस के राष्ट्राध्यक्षों के बीच वैसे तो कई मौकों पर संवाद का सिलसिला चलता रहता है। लेकिन बीते वक्त में यह वार्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर हुई थी। जिसमें रूसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी को फोन कर विशेष तौर पर बधाई दी थी। साथ ही दोनों देशों की साझेदारी को मजबूती प्रदान करने के लिए किए गए महान व्यक्तिगत योगदान को लेकर उनकी सराहना की थी। पुतिन ने ये भी कहा था कि आपने एक राष्ट्राध्यक्ष के रूप में अपनी गतिविधियों की वजह से न केवल अपने हमवतनों के बीच उच्च-स्तर का सम्मान अर्जित किया है। बल्कि इनसे आपको वैश्विक स्तर पर भी अत्यधिक ताकत मिली है। मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीक के क्षेत्र में बेहद आकर्षक उपलब्धियां हासिल की हैं। वो मोदी ही हैं, जिन्होंने भारत-रूस की विशेष विशिष्ट सामरिक भागीदारी को सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई है।*

भारत में अगले महीने लगेगा यूएन में सैन्य भागीदारी करने वाले देशों का तांता

# 13 से 16 अक्टूबर तक होगी इन देशों के सेनाप्रमुखों की संगोष्ठी, भारत ने चीन-पाकिस्तान को नहीं दिया न्योता

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद अगले महीने यह पहला मौका होगा। जब भारत में एक महत्वपूर्ण और वैश्विक स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संयुक्त राष्ट्र में सैन्य भागीदारी करने वाले देशों (यूएनटीसीसी) के सेनाप्रमुख एक साथ नई दिल्ली में जुटेंगे।

मौका होगा यूएनटीसीसी राष्ट्रों के सेनाप्रमुखों की संगोष्ठी का यानी 'चीफ्स कॉन्क्लेव-25' का। जिसे 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अभी तक कुल करीब एक दर्जन से अधिक देशों के सेनाप्रमुखों ने आधिकारिक रूप से अपनी सहमति प्रदान कर दी है। जिनमें वैश्विक दक्षिण की सेनाओं के शीर्ष सैन्य अधिकारी भी शामिल होंगे।

### शांति स्थापना, एचएडीआर होगी थीम

*सूत्रों ने कहा कि जब दुनियाभर के देशों के सेनाप्रमुखों का जमावड़ा भारत में होगा। तो उस दौरान कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। संगोष्ठी के दौरान कई थीम रहेंगी। जिन पर सर्वोच्च सैन्य अधिकारी व्यापक रूप से चर्चा करेंगे। शांति स्थापना, प्राकृतिक आपदा और राहत अभियान (एचएडीआर), द्विपक्षीय मुद्दे, आत्मनिर्भरता और संयुक्त राष्ट्र के अध्याय 6-7 के तहत आने वाले तमाम विषयों पर भी उच्च-सैन्य अधिकारी मंथन करेंगे। सूत्रों ने ये भी बताया कि जो भी सेनाप्रमुख इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए राजधानी पहुंचेंगे। उन्हें नई दिल्ली के अलावा देश की कुछ अन्य जगहों पर भी ले जाने की योजना है।*

### पाकिस्तान, चीन को न्योता नहीं

*उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से इस आयोजन में शामिल होने के लिए पाकिस्तान और चीन को आमंत्रित नहीं किया गया है। जबकि वैश्विक दक्षिण के देशों की भागीदारी यहां काफी अहम रहेगी। बताते चलें कि इस साल 7 से 10 मई तक चले ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के खिलाफ पाकिस्तान को चीन का पूरा समर्थन मिला था। जिसे समूची दुनिया ने साक्षात अपनी आंखों से देखा है। लेकिन शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के मंच पर आतंकवाद* ▸▸ शेष पेज 5 पर

## खबर संक्षेप

### चैतन्यानंद मुश्किल में, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोप झेल रहे चैतन्यानंद सरस्वती की मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं। स्वामी के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में दिल्ली अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। दिल्ली पुलिस ने बाबा से जुड़े 18 बैंक खातों और 28 एफडी को फ्रीज कर दिया है। इन खातों में करीब 8 करोड़ रुपए जमा थे।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि वर्तमान मामले की जांच अभी प्रारंभिक फेज में है।



### तिरुपति मंदिर बनेगा पहला एआई टैंपल

**नई दिल्ली।** भारत के मशहूर धार्मिक स्थल तिरुमला तिरुपति मंदिर में जल्द एआई से लैस कमांड कंट्रोल सेंटर शुरू होने जा रहा है। मंदिर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके भीड़ को संभालने का काम किया जाएगा। यह भारत के किसी भी मंदिर शुरू होने वाला अपनी तरह का पहला कमांड सेंटर होगा। तिरुपत मंदिर को पहला एआई टैंपल कहा जा रहा है। तकनीक और एआई का इस्तेमाल करके मंदिर में आ रही भीड़ का आकलन किया जाएगा। कितने भक्त लाइन में लगे हैं, जिन्हें भगवान के दर्शन करने हैं।



प्रियंका गांधी ने मोतिहारी में गरजते हुए कहा

## बिहार में बदलाव का समय आ गया है, वोट चोरों की सरकार हटाइए

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने आज बिहार के मोतिहारी के गांधी मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा-नीतीश सरकार पर तीखा हमला बोला और जनता से महागठबंधन को सत्ता में लाने की अपील की। उन्होंने कहा कि "अब बहुत संघर्ष कर लिया आपने, अब बदलाव का समय आ गया है। वोट चोरों की सरकार को हटाइए और ऐसी सरकार लाइए जो आपके अधिकारों और भविष्य के लिए काम करे।" प्रियंका गांधी ने चंपारण की ऐतिहासिक धरती को नमन करते हुए कहा कि यही वह भूमि है जहां से महात्मा गांधी ने



सत्य, अहिंसा और प्रेम के साथ आज़ादी की लड़ाई शुरू की थी। उन्होंने कहा, "आपके पूर्वजों ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ झुकने से इनकार किया और आज़ादी दिलाई। उसी संघर्ष से हमें वोट और अधिकार मिले। आज उस संविधान और आज़ादी की रक्षा की जिम्मेदारी हमारी है।" भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग धर्म, जाति और झूठे वादों के सहारे सत्ता में बने रहे, ▸▸ शेष पेज 5 पर

भारत-रूस कृषि क्षेत्र में सहयोग को करेंगे और मजबूत

## रूस के डिप्टी पीएम पात्रुशेव ने केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से मुलाकात की

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को नई दिल्ली में कृषि भवन में रूस के उप प्रधानमंत्री दिमित्री पत्रुशेव के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, दोनों नेताओं ने आपसी हित के व्यापक मुद्दों पर सार्थक चर्चा की, जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और कृषि क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत करने पर विशेष ज़ोर दिया गया। रूस के उप प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक साझेदारी की विशेषता वाले पारस्परिक विश्वास और समझ के अनुकरणीय स्तर



पर ज़ोर दिया। उन्होंने कृषि क्षेत्र में भारत की प्रमुख प्राथमिकताओं को साझा किया, जिनमें खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, किसानों की आय बढ़ाना और सभी के लिए सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन तक पहुँच को बढ़ावा देना शामिल है। दिमित्री पात्रुशेव ने कृषि सहित कई क्षेत्रों में भारत और रूस के बीच दीर्घकालिक और सुदृढ़ सहयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने दोनों देशों के ▸▸ शेष पेज 5 पर




चंडीगढ़ में विधायी प्रारूपण पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

कहा, विधायी प्रारूपण में भाषा सरल और स्पष्ट होनी चाहिए जिससे आम आदमी भी कानून को पढ़कर अपने अधिकार समझ सके

## कानून के प्रारूप में अस्पष्टता होगी तो न्यायपालिका के हस्तक्षेप की गुंजाइश रहेगी: ओम बिरला

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है और यह विश्वास तभी मजबूत होता है जब विधानसभाएँ और संसद पारदर्शी, व्यवस्थित और उत्तरदायी ढंग से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कानून का मूल ड्राफ्ट बनाते समय कभी भी ग्रे एरिया नहीं छोड़ना चाहिए, यदि कानून की ड्राफ्टिंग में ग्रे एरिया होगा तो न्यायपालिका के हस्तक्षेप की गुंजाइश बढ़ जाएगी। जब लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग स्पष्ट और सरल हो, तथा उसमें कोई ग्रे एरिया नहीं होगा; तो न्यायिक समीक्षा करते समय अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं होगा। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि हमारे संविधान के तहत विधायिका, कार्यपालिका,




न्यायपालिका के बीच शक्तियों का स्पष्ट विभाजन किया गया है। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने चंडीगढ़ स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए) में हरियाणा विधानसभा और इंस्टिट्यूट ऑफ कांस्टिट्यूशनल एंड पार्लियामेंटरी स्टडीज (आईसीपीएस) के सहयोग से आयोजित विधायी प्रारूपण पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान ये विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण, कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू टी खादर फरीद, हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा तथा लोक सभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह भी मंच पर उपस्थित रहे। लेजिस्लेटिव ड्राफ्टिंग के सूक्ष्म बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने कहा कि ड्राफ्टिंग में विराम, पूर्णविराम, अर्धविराम का भी उतना ही ध्यान रखना चाहिए; जितना भाषा का ध्यान रखना है; ड्राफ्टिंग जनता के लिए सहज और सरल हो। लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि विधायी प्रारूपण केवल तकनीकी ▸▸ शेष पेज 5 पर

## 69 लाख की ठगी में था शामिल

# पैन इंडिया चीटिंग रैकेट का आरोपी अहमदाबाद से दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



मध्य जिले की साइबर पुलिस ने पूरे भारत में फैले धोखाधड़ी के रैकेट का भंडाफोड़ किया। 69 लाख की धोखाधड़ी में शामिल एक आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार किया गया है। जितेंद्र पांडे (32) निवासी मीरा रोड, मुंबई के पास से 43.20 लाख नकद, एंडेवर कार और महंगे मोबाइल फोन बरामद हुये हैं। आरोपी ने पीड़ित को कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) फंड में निवेश करने का झांसा देकर उच्च रिटर्न का वादा किया था। आरोपी ने एक संगठित गिरोह का हिस्सा होने की बात कबूल की है। पुलिस अब इसके फरार सहयोगियों को पकड़ने, शेष ठगी की गई राशि की वसूली और पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए आगे की जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार 8 जुलाई को एक कंपनी की तरफ से धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कराया गया था। बताया गया कि इसी साल जनवरी में महाराष्ट्र के आशीष, अपूर्व, विनायक, विजय और तुषार नामक व्यक्तियों के एक समूह ने शिकायतकर्ता की कंपनी से निवेश प्रस्ताव के साथ संपर्क किया था। उक्त व्यक्तियों ने कंपनी के लिए धन की व्यवस्था करने के बहाने शिकायतकर्ता से परियोजना रिपोर्ट, वित्तीय विवरण, क्रॉस्ड चेक और अन्य दस्तावेज मांगे। आरोपियों और शिकायतकर्ता की कंपनी के प्रतिनिधियों के बीच कई जूम मीटिंग हुई, जिनमें स्वयं शिकायतकर्ता और कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शामिल थे। 24 फरवरी को आरोपी विजय ने तीन अतिरिक्त प्रतिनिधियों, शोएब उर्फ सुशांत (हुबली निवासी), सईद (कोल्हापुर निवासी) और प्रकाश का परिचय कराया। इन व्यक्तियों ने शिकायतकर्ता को बताया कि दिल्ली में तुरंत नकद में सेवा शुल्क का भुगतान करना होगा। बदले में उन्होंने आश्वासन दिया कि निवेश राशि उसी समय शिकायतकर्ता की कंपनी के बैंक खाते में स्थानांतरित कर दी जाएगी। 25 फरवरी 2025 को लगभग 11:00 बजे एक जूम कॉल आयोजित की गई। उसमें अभियुक्तों ने अपने पहले के निर्देशों को दोहराया। इसके बाद शिकायतकर्ता की कंपनी के दो प्रतिनिधियों ने निर्देशानुसार दिल्ली के करोल बाग स्थित गोल्ड प्लाजा में 69 लाख की नकद राशि वितरित की। बदले में अभियुक्तों ने शिकायतकर्ता को आरटीजीएस के माध्यम से कंपनी के बैंक खाते में निवेश राशि के तत्काल हस्तांतरण का आश्वासन दिया। 26 फरवरी को लगभग 4 बजे अभियुक्तों विजय, प्रकाश और सईद ने शिकायतकर्ता के साथ

■ 43 लाख कैश और 50 लाख की कार जब्त

फर्जी एनईएफटी/आरटीजीएस स्क्रीनशॉट साझा किए, जिसमें खाता संख्या XX6013 से 25 फरवरी की टाइमस्टैम्प के साथ 49 लाख का डेबिट लेनदेन दिखाया गया था। इसके तुरंत बाद आरोपी प्रकाश उस स्थान से फरार हो गया, जबकि बाकी आरोपी बहाने बनाने लगे और जानबूझकर शिकायतकर्ता से आगे संपर्क करने से बचते रहे। शिकायत के आधार पर साइबर पुलिस थाने में 8 जुलाई को एफआईआर दर्ज की गई थी। जांच के दौरान टीम ने तकनीकी और मैनुअल दोनों तरह की खुफिया जानकारी एकत्र की और उसका विश्लेषण किया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर आरोपी की तलाश में अहमदाबाद और मुंबई में लगभग 15 दिनों तक लगातार अभियान चलाए गए। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए बार-बार अपने ठिकाने बदल रहे थे। 15 सितंबर को आखिरकार आरोपी को अहमदाबाद से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने बताया कि इसी तरह से वह पहले भी मुंबई में एक डॉक्टर के साथ 3 करोड़ की धोखाधड़ी को अंजाम दे चुका है।

## जमानत पर छूटे लड़के ने 15 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर की हत्या

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सीलमपुर में 15 वर्षीय किशोर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। आरोप हाल ही में जमानत पर छूटे दोहरे हत्याकांड के आरोपी किशोर पर है। आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की उम्र 13 से 14 साल के बीच है और उसे पिछले साल नरेला औद्योगिक क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड के सिलसिले में पकड़ा गया था। तीन से चार महीने पहले ही वह जमानत पर रिहा किया गया था। बृहस्पतिवार शाम दोनों लड़कों के बीच झगड़ा हुआ, जिसके बाद आरोपी ने चाकू मारकर किशोर की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में बृहस्पतिवार रात करीब 8.27 बजे सीलमपुर थाने में सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल लड़के को पहले ही जग प्रवेश चंद्र (जेपीसी) अस्पताल ले जाया जा चुका है, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। इस बीच पीड़ित परिवार ने इलाके में विरोध-प्रदर्शन किया, जिसके बाद कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए वहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। सूत्रों के मुताबिक एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता तेजपाल ने कहा कि मेरा बेटा मैकेनिक के रूप में काम करता था। उसकी हत्या पुलिस चौकी के ठीक बगल में महज 10 कदम की दूरी पर की गई। लोगों का कहना है कि सीलमपुर मेट्रो स्टेशन के पास पहले भी कई हत्याएं हो चुकी है। पुलिस ने कहा किआरोपी किशोर को पकड़ लिया गया है। अपराध में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है।

## फर्जी ट्रेडिंग एप से ठगी करने वाले चार पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दक्षिण पश्चिम जिले के साइबर पुलिस ने कंबोडिया से चल रहे चीटिंग के खेल का पर्दाफाश किया है। आरोपी फर्जी ट्रेडिंग एप के जरिये देश भर के लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। फिलहाल चार जालसाजों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच में इनके द्वारा तीन दिन के भीतर ही तीन करोड़ के ट्रांजेक्शन का पता चला है। आरोपी बुलंदशहर, अलीगढ़ और इंदौर के रहने वाले हैं। जिस केस में इन्हें गिरफ्तार किया गया है उसमें पीड़ित से आठ लाख से ज्यादा की रकम ठगी गई थी।

डीसीपी अमित गोयल के अनुसार इसी तरह की चीटिंग से संबंधित 16 और शिकायत इनसे लिंक हुई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम मानिक अग्रवाल, मोहम्मद आमिर उर्फ रॉकी, अब्दुल्ला और सानिया खान हैं। चारों उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर, अलीगढ़ और मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार 10 जून को एक शिकायत टी सिंह

■ कंबोडिया के ठगों से था लिंक

नाम के शख्स द्वारा की गई थी। बताया गया कि उन्हें व्हाट्सएप ग्रुप में ऐड किया गया। सोनिया वेल्थ सर्किल के नाम से ग्रुप था। ग्रुप में जोड़ने वाले ने खुद को चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर बताया। अच्छे रिटर्न का झांसा देकर उनसे 8 लाख 4 हजार की चीटिंग की गई। तकनीकी निगरानी के बाद चार लोगों को पकड़ा गया। इनसे पूछताछ में पता चला कि इस गैंग का मास्टरमाइंड जैक नाम का शख्स है, जो कंबोडिया से पूरे धंधे को ऑपरेट कर रहा है। चीटिंग को अंजाम देने के लिए आरोपी दिल्ली के अलग-अलग होटल में रूकते थे।

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **विजय, पुत्रः** नर सिंह, **पताः** मकान न. क्यू 1/24, मंगोलपुरी, दिल्ली, ने **FIR No. 622/2018, U/s: 33 Delhi Ex. Act, थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विजय**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **विजय**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 622/2018, U/s: 33 Delhi Ex. Act,** थानाः मंगोलपुरी, **दिल्ली**, के उक्त अभियुक्त, **विजय**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्रीमती रीतिका जैन, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
(उत्तर–पश्चिम) कमरा न. 105
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/12962/OD/2025
(Court Matter)

### सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 08 अक्टूबर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003540 | मोहित राणा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सेक्टर-48 | |
| 418462000992 | पार्थसारथी पार्थसारथी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-यूटीडब्ल्यू. साइबर पार्क | |
| 732762000419 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सोहना | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 091162001244 | राधा बोरा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सनसिटी | |
| 039962009770 | ईरा रेड्डू |
| शाखा का नाम : निर्जन | |
| 451162000056 | दीप दीप |
| शाखा का नाम : रोहतक-बाबा मस्त नाथ यूनिवर्सिटी | |
| 527662000099 | मनीषा मनीषा |
| शाखा का नाम : चंडीगढ़-सेक्टर-7सी | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 498705000040 | सुमित गोयल |
| शाखा का नाम : चंडीगढ़-सेक्टर 43बी | |
| 583157000001 | विधि गुजरानी |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महिपालपुर | |
| 347462001516 | अनिल कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-जंगपुरा | |
| 799757000019 | उमा शर्मा |

दिनांक : 27.09.2025
स्थान : गुरुग्राम, जीन्द, करनाल, रोहतक, पंचकूला, यमुनानगर, गुड़गांव, फरीदाबाद

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# फिर लटक सकता है मजलिस पार्क-मौजपुर मेट्रो लाइन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

■ दिवाली तक खुलने की संभावना!

पिंक लाईन चरण चार के विस्तार अंतर्गत बनकर तैयार हो चुकी मजलिस पार्क से मौजपुर खंड मेट्रो लाइन का उद्घाटन एक बार फिर लटकता हुआ नजर आ रहा है। जिसके चलते बुराड़ी, जगतपुर, यमुना विहार, भजनपुरा, खजूरी खास, सोनिया विहार, सूरघाट और झड़ौदा माजरा के रहने वाले लाखों लोगों का सपना दूर होता दिखाई दे रहा है। शुरू से ही मजलिस पार्क-मौजपुर मेट्रो लाइन पर जैसे किसी ग्रहण की छाया के चलते इसमें दिक्कत आती रही। कोरोना महामारी के चलते इस लाइन के निर्माण कार्य में काफी देरी हुई। जैसे तैसे कार्य आगे बढ़ा और लंबे इंतजार के बाद इसका निर्माण 2025 में पूरा हुआ। लेकिन कार्य पूरा होने के बाद भी अब इस लाइन का उद्घाटन लटकता आ रहा है। सरकार से जुड़े विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी कार्यालय की तरफ से अभी तक उद्घाटन को लेकर कोई दिन तय नहीं किया गया है। जिसके चलते लग रहा है कि मजलिस पार्क से मौजपुर मेट्रो लाइन का उद्घाटन सितंबर महीने के अंत तक होने की संभावना क्षीण पड़ गई है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) को उक्त खंड को खोलने के लिए बस पीएमओ से दिन तय होने का इंतजार है। क्योंकि इस खंड का सभी कार्य पूरा हो चुका है, रेलवे सुरक्षा आयुक्त से एनओसी मिलने से लेकर अन्य प्रकार की सभी औपचारिकताएं पूरी हुए भी काफी समय हो चुका है। सूत्रों का कहना है कि पहले अन औपचारिक रूप से कहा जा रहा था कि मजलिस पार्क - मौजपुर खंड लाइन का उद्घाटन पीएम मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को किया जाएगा। लेकिन जन्मदिन से पहले ही यह तय हो गया कि मोदी 17 सितंबर को इस लाइन का उद्घाटन नहीं करेंगे। उसके बाद कयास लगाए गए कि प्रथम नवरात्रि के मोके पर 22 सितंबर को या फिर 30 सितंबर 2025 तक इस लाइन को खोल दिया जाएगा। लेकिन अब ताजा जानकारी में सामने आया है कि शायद एक बार फिर मजलिस पार्क से मौजपुर लाइन को खोलने का मामला अधर में लटक गया है। सनद रहे कि मजलिस पार्क से जगतपुर तक तीन मेट्रो स्टेशनों का कार्य पूरा होने के बाद उम्मीद थी कि डीएमआरसी तीनों स्टेशनों को मई या जून में खोल देगी जबकि शेष हिस्से को उसका बचा हुआ कार्य पूरा होने के बाद खोलेगी। लेकिन बाद में कहा गया कि अब इस पूरे खंड को एक साथ शुरू किया जाएगा। जिसके बाद सितंबर में इसके खुलने की लगभग पूरी पूरी संभावनाएं थी। लाइन बनकर तैयार भी है लेकिन अब पुनः ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सितंबर 2025 में भी मजलिस पार्क – मौजपुर खंड यात्रियों के लिए खुलने वाला नहीं है। लोगों को इस खंड के खुलने का बेसब्री से इंतजार है। बता दें कि मजलिस पार्क-मौजपुर विस्तार लाइन पर कुल 8 स्टेशन हैं। इनमें यमुना विहार, भजनपुरा, खजूरी खास, सोनिया विहार, सूरघाट, जगतपुर गांव, झड़ौदा माजरा और बुराड़ी मेट्रो स्टेशन शामिल है। यह पूरा खंड एलिवेटेड लाइन के रूप में तैयार हो रहा है। जबकि वर्तमान में पिंक लाइन में कुल 38 मेट्रो स्टेशन कार्य कर रहे हैं। इस तरह विस्तार खंड के पूरा होने के बाद पूरी पिंक लाइन में कुल 46 मेट्रो स्टेशन हो जाएंगे।

## पार्क में टहलने जा रहे अधेड़ शख्स को गोली मारी

■ दो लोगों ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस तलाश में जुटी

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में शुक्रवार की सुबह एक पार्क के निकट दो अज्ञात हमलावरों ने 55 वर्षीय एक व्यक्ति को गोली मार दी। पुलिस को गोलीबारी की घटना के संबंध में सुबह लगभग नौ बजकर 53 मिनट पर सूचना मिली। सूचना के बाद मालवीय नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल शख्स को अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस के अनुसार थाने पर पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) से कॉल प्राप्त हुई। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि घायल की पहचान बेगमपुर निवासी लखपत सिंह कटारिया के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार दो लोगों ने पार्क के निकट कटारिया को रोका। उन पर गोलियां चलाई और मोटरसाइकिल से मौके से भाग गए। इस सिलसिले में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## हत्या के दो आरोपियों को गुरुग्राम में मुठभेड़ के बाद किया अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार सुबह गुरुग्राम में मुठभेड़ के बाद हत्या के एक मामले में वांछित दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। इनका संबंध जितेंद्र गोगी गैंग से बताया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान छावला निवासी मोहित जाखड़ (29) और द्वारका मोड़ निवासी जतिन राजपूत (21) के रूप में हुई है। गुरुग्राम पुलिस के साथ मिलकर शुक्रवार तड़के लगभग साढ़े चार बजे यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी चार जुलाई को नजफगढ़ में हुई नीरज तेहलान की हत्या में कथित रूप से शामिल थे। मुठभेड़ के दौरान आरोपियों ने छह राउंड गोलियां चलाई। एक गोली हेड कांस्टेबल नरपत की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी, जबकि दूसरी गोली सब इंस्पेक्टर विकास के बाएं हाथ में लगी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी गोलीबारी की जिसमें दोनों आरोपी घायल हो गए। दिल्ली पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए गुरुग्राम के सेक्टर 10 स्थित सिविल अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने इनके पास से दो पिस्तौल, पांच कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे रामक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **मोहित, पुत्रः** केशु, **पताः** पटरी जीबी पंत अस्पताल दरिया गंज, दिल्ली **FIR No. 89/2024; U/s: 356/379/34 IPC, पुलिस थानाः दरिया गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहित**, फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **मोहित, FIR No. 89/2024; U/s: 356/379/34 IPC, पुलिस थानाः दरिया गंज, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.11.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
डॉ. राज कुमार सिंह
एल.डी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 241
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12904/CD/2025
(Court Matter)

## SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED

Regd. Office- 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035 / Corporate Office: 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
E-mail: info@sainik.org Website: www.sainikfinance.com CIN: L26912DL1991PLC045449 Telephone No.-011-28315036/0124-2719000 Fax No.-011-28315044/ 0124-2719100

**RESULT OF E-VOTING**

Pursuant to Section 108 and 109 of the Companies Act, 2013, read with the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 as amended from time to time and SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 (Listing Regulations), the Company had conducted e-voting and electronic voting for passing the following resolutions at the 33rd Annual General Meeting held on Wednesday, 24th September, 2025 at 11:30 A.M. through two way video conferencing ("VC") or other audio visual means("OAVM") in accordance with provisions of various circulars issued by MCA and SEBI in this regard:.

**Ordinary Businesses:**

**Resolution No. 1**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Ordinary Resolution-** Adoption of the Audited Annual Financial Statements of the Company for the financial year ended 31st March, 2025, including the audited Balance Sheet, the Statement of Profit & Loss and Cash Flow Statement for the Financial year ended on that date and the reports of the Board of the Directors and Auditors thereon. |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | No |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group | E-voting | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 7592196 | 69.7812 | 7592094 | 102 | 99.9987 | 0.0013 |

**Resolution No. 2**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Ordinary Resolution:** Approval for the appointment of Sh. Sarvesh Sindhu (DIN: 06545787), who retires by rotation and being eligible, offers himself for re-appointment as a Director of the Company. |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | No |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group* | E-voting | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 7592196 | 69.7812 | 7592094 | 102 | 99.9987 | 0.0013 |

**Resolution No. 3**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Special Resolution:** Approval for the re-appointment of Sh. Ramesh Shah (DIN: 00029864) as Non-Executive Independent Director of the Company for a second term of 5 (Five) consecutive years. |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | No |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group* | E-voting | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 7592196 | 69.7812 | 7592094 | 102 | 99.9987 | 0.0013 |

**Resolution No. 4**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Special Resolution:** Approval for the re-appointment of Smt. Nishi Sabharwal (DIN: 06963293) as Non- Executive, Independent Woman Director of the Company for a second term of 5 (Five) consecutive years |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | No |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group* | E-voting | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 7592196 | 69.7812 | 7592094 | 102 | 99.9987 | 0.0013 |

**Resolution No. 5**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Ordinary Resolution:** Approval for the appointment of M/s. Rakesh Kumar & Associates, Company Secretaries as Secretarial Auditors of the Company for a period of 5 (Five) years. |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | No |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group* | E-voting | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 6503502 | 85.0915 | 6503502 | 0 | 100 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 7592196 | 69.7812 | 7592094 | 102 | 99.9987 | 0.0013 |

**Resolution No. 6**

| | |
|---|---|
| Resolution required: (Ordinary/ Special) | **Ordinary Resolution:** Approval for the material related party transactions with M/s. Purshottam Buildwell Private Limited. |
| Whether promoter/ promoter group are interested in the agenda / resolution? | Yes |

| Category | Mode of Voting | No. of Shares held | No. of votes polled | % of votes polled on outstanding shares | No. of votes in favour | No. of votes against | % of votes in favour on votes polled | % of votes against on votes polled |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | (1) | (2) | (3)=[(2)/(1)]*100 | (4) | (5) | (6)=[(4)/(2)]*100 | (7)=[(5)/(2)]*100 |
| Promoter and promoter group* | E-voting | 7642948 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 7642948 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public - Institutional holders | E-voting | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Total | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Public- Non-Institutional | E-voting | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| | Poll | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | Postal Ballot (if applicable) | | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total** | 3237052 | 1088694 | 33.6323 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |
| Total | | 10880000 | 1088694 | 10.0064 | 1088592 | 102 | 99.9906 | 0.0094 |

*As promoter and promoter's group are deemed to be interested in the resolution passed for approval of Material Related Party transaction, hence votes cast by them did not count for the approval of this resolution.

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary & Compliance Officer

Place: Gurugram
Date: 26.09.2025

## प्रवेश साहिब सिंह ने जल बोर्ड की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में दी जानकारी

# पानी के बकाया बिलों पर सरचार्ज माफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी के लंबित बिलों पर लेट पेमेंट सरचार्ज (एलपीएससी) की माफी योजना को दिल्ली जल बोर्ड ने मंजूरी दे दी है और यह एलपीएससी माफी पहली और आखिरी योजना है। जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने शुक्रवार को आयोजित हुई जल बोर्ड की बैठक के बाद प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मंजूरी से दिल्ली के लाखों परिवारों को भारी राहत देने और दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की वित्तीय स्थिति को मजबूत करने की दिशा में शुक्रवार को एक ऐतिहासिक फैसला लिया गया।

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि यह निर्णय उपभोक्ताओं को वर्षों से चढ़ते ब्याज की वजह से बढ़े हुए बिलों से राहत देगा और साथ ही दिल्ली जल बोर्ड को लंबे समय से अटके बकाए की वसूली में मदद करेगा। यह योजना अगले महीने से प्रभावी होगी और 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। प्रवेश साहिब सिंह के नेतृत्व में जल बोर्ड ने इस माफी योजना, अवैध कनेक्शन वैधीकरण और नए कनेक्शन की प्रक्रिया को मज़बूत बनाकर एक पारदर्शी, प्रभावी और नागरिक-केंद्रित जल प्रबंधन मॉडल की नींव रखने का दावा किया है।



### माफी केवल सरचार्ज पर होगी, मूल बिल राशि पर नहीं

योजना की मुख्य विशेषताएं गिनाते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि घरेलू श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए 31 जनवरी 2026 तक 100 प्रतिशत एलपीएससी माफी है। माफी केवल सरचार्ज पर होगी, मूल बिल की राशि पर नहीं। कुल 87,589 करोड़ के रुपए बकाए में से 80,463 करोड़ रुपए (91 प्रतिशत) केवल एलपीएससी है, जो पहले की 5 प्रतिशत मासिक कंपाउंडिंग ब्याज दर की वजह से हुआ। प्रवेश साहिब सिंह कि यह एलपीएससी माफी की पहली और आखिरी योजना है।

### ब्याज दर को पांच से घटाकर 2 प्रतिशत किया

जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सालों से दिल्लीवासियों को लाखों रुपये के बिल मिल रहे थे, असली पानी की खपत की वजह से नहीं बल्कि 5 प्रतिशत मासिक कंपाउंडिंग ब्याज के कारण हुई है। हमने इसको खत्म करने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। ब्याज दर को घटाकर 2 प्रतिशत किया गया है और 100 प्रतिशत तक का सरचार्ज माफ़ किया जा रहा है।

इससे जनता को न्याय और पारदर्शिता मिलेगी। पहले दिल्ली जल बोर्ड में 5 प्रतिशत कंपाउंडिंग ब्याज की व्यवस्था थी, जिसके कारण 100 रुपए का बिल बढ़कर 178 रुपए हो जाता था। अब सरकार ने ब्याज दर को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया है। नई व्यवस्था में कंपाउंडिंग के साथ 100 रुपए का बिल केवल 130 रुपए तक ही पहुंचेगा। यह बड़ा सुधार उपभोक्ताओं को लंबे समय से मिल रहे बढ़े हुए बिलों से राहत और न्याय सुनिश्चित करता है।

### कॉलोनियों में लगाए जाएंगे जागरूकता कैंप

उपभोक्ताओं तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड कॉलोनियों में विशेष कैंप लगाएगा। यहां उपभोक्ताओं को उनके बकाए की जानकारी, माफ़ी का लाभ उठाने की प्रक्रिया और बिल निपटान में मदद दी जाएगी। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे आगे आएं और इस अवसर का लाभ उठाएं।

### संपत्ति पंजीकरण से पानी के बिलों को जोड़ा जाएगा

मंत्री प्रवेश ने कहा कि सरकार ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि अब संपत्ति पंजीकरण के समय पानी के बिल को अनिवार्य कर दिया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि बकाए अनिश्चित काल तक न लटकें और स्वामित्व परिवर्तन के समय जवाबदेही तय हो।

### अवैध कनेक्शनों को किया जाएगा वैध

दिल्ली जल बोर्ड ने लाखों अवैध पानी कनेक्शनों को कानूनी रूप में लाने का फैसला किया है। उन्होंने बताया कि घरेलू श्रेणी के अंतर्गत शुल्क लगभग 26 हजार से घटाकर मात्र 1,000 रुपए कर दिया गया है जबकि गैर-घरेलू श्रेणी के अंतर्गत शुल्क लगभग 61 हजार से घटाकर 5,000 रुपए कर दिया गया है। योजना 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। यह सुधार अनधिकृत कॉलोनियों के परिवारों को सीधा लाभ देगा और राजस्व चोरी तथा यमुना प्रदूषण को भी रोकेगा।

मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि हर घर को कानूनी रूप से स्वच्छ पानी उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। शुल्क को इतना कम करके हमने जनता को बिना डर के वैध कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित किया है। मंत्री प्रवेश ने बताया कि वर्तमान में दिल्ली जल बोर्ड के पास लगभग 1 लाख नए पानी कनेक्शन के आवेदन लंबित हैं, जिससे सालाना 51 करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इस समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड अब 1,000 से अधिक लाइसेंसधारी प्लंबर उपलब्ध कराएगा ताकि नए कनेक्शन शीघ्र दिए जा सकें।

# 'दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक में हुई सकारात्मक चर्चा'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- करीब पांच घंटे चली सदन बैठक, विपक्ष की बात को भी गंभीरता से सुना गया

दिल्ली नगर निगम की सदन बैठक शुक्रवार को करीब 5 घंटे तक चली। बैठक में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के सभी पार्षदों ने सकारात्मक सहभागिता दिखाई। दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि बैठक में विभिन्न वार्डों से संबंधित मुद्दों, नागरिक सुविधाओं तथा स्वच्छता व स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। महापौर ने बताया कि बैठक में विशेष रूप से मच्छर जनित बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया तथा जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम द्वारा उठाए जा रहे कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि निगम ने पहले से ही दवाओं के भंडारण, छिड़काव और फॉगिंग जैसे उपायों को तेज कर दिया है ताकि आमजन को इन बीमारियों से सुरक्षा मिल सके। बैठक में यह भी सुनिश्चित किया गया कि निगम के अधिकारी फील्ड में नियमित निरीक्षण करें और गलतियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। महापौर ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान आम आदमी पार्टी के कुछ पार्षदों ने चर्चा में व्यवधान डालने का प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद दोनों पक्षों के पार्षदों ने विषय की गंभीरता को समझते हुए सकारात्मक चर्चा की और महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। महापौर राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि जीएसटी दरों में की गई कटौती से देशवासियों को राहत मिली है और यह 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना को मजबूती देती है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए हम प्रधानमंत्री के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। सदन बैठक में नागरिकों हितों से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।

### आप पार्षदों ने मच्छरदानी ओढ़कर किया प्रदर्शन

नेता विपक्ष अंकुश नारंग के नेतृत्व में पार्टी के पार्षदों ने शुक्रवार को सदन के अंदर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के बढ़ते मामलों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान पार्षदों ने नारेबाजी कर मौसमी बीमारियों पर काबू पाने में नाकाम भाजपा सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। अंकुश नारंग ने कहा कि दिल्ली में हर तरफ मच्छरों का प्रकोप है। एमसीडी का सदन भी मच्छरों से अछूता नहीं है। इसीलिए सभी 'आप' पार्षद मच्छरदानी ओढ़कर सदन के अंदर आए और भाजपा से इन मच्छरों के प्रकोप से बचाने की मांग की।

# यूईआर-2 टोल टैक्स मामले में ग्रामीणों ने सरकार को दिया एक माह का समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- आगामी 26 अक्टूबर को टोल माफी मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए होगी महापंचायत

यूईआर-2 पर टोल टैक्स के खिलाफ विरोध कर रहे दिल्ली के गांवों के प्रतिनिधियों की समिति ने शुक्रवार को बैठक की और केंद्र को इस मुद्दे पर शहर के ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक व्यावहारिक समाधान निकालने के लिए एक महीने का समय देने का फैसला किया है। पालम 360 खाप के प्रमुख सुरेंद्र सोलंकी के नेतृत्व में गांवों के प्रतिनिधियों ने फैसला किया है कि अब 26 अक्टूबर को एक महापंचायत आयोजित की जाएगी और अगर सरकार यूईआर 2 के संबंध में राष्ट्रीय राजधानी के गांवों पर लगाए गए टोल के मुद्दे का समाधान नहीं करती है तो आंदोलन तेज किया जाएगा। सोलंकी ने बताया कि पंचायतों के माध्यम से दिल्ली के गांव के लोग इस आंदोलन के समर्थन में हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के खाप पंचायतों और किसान भाइयों का समर्थन मांग सकते हैं, अगर सरकार समाधान नहीं निकालती है। खाप प्रमुख ने संकेत दिया कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार के साथ जल्द ही बातचीत का अगला दौर हो सकता है। हाल ही में 24 सितंबर को केंद्र और ग्रामीण दिल्ली के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई थी, जो किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। पंचायत में मौजूद रहने वालो में चौ धारा सिंह प्रधान बवाना 52, राजेंद्र प्रधान, मूलचंद प्रधान हिरण कूदना, सुरेश शौकीन प्रधान नांगलोई 9, मुख्यातार सिंह, अनार सिंह टिकरी 5, मास्टर जगबीर, सतपाल सोलंकी आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## 'ब्रेथ ऑफ चेंज-क्लीन एयर डायलॉग' कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा के नेतृत्व में शुक्रवार को दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने एक दिवसीय 'ब्रेथ ऑफ चेंज- क्लीन एयर डायलॉग' कार्यशाला और आईईसी एक्टिविटी का आयोजन किया गया। यहां पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह कार्यक्रम बहुत अहम है क्योंकि सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने धूल प्रदूषण से निपटने के लिए दिन रात सातों दिनों सालभर की रणनीति बनाई है। ज़मीन पर इन योजनाओं को लागू करने वाले अधिकारियों को ट्रेनिंग देना उतना ही ज़रूरी है, क्योंकि किसी भी योजना की सफलता उसके सही अमल पर निर्भर करती है। हम लगातार सभी हितधारकों, सरकारी एजेंसियों, स्वतंत्र संस्थानों, एनजीओ, एक्सपट्र्स, छात्रों और आम जनता से संवाद कर रहे हैं, क्योंकि प्रदूषण से लड़ाई सबके सहयोग से ही जीती जा सकती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़कों को कम्प्लीट स्ट्रीट्स के कॉन्सेप्ट में ढालकर धूल प्रदूषण से निपटना था। यह कार्यक्रम दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर आयोजित किया। इसमें 15 सरकारी एजेंसियों के 170 से ज्यादा इंजीनियर और टेक्नीशियन शामिल हुए, जिन्हें रोड रिडेवलपमेंट के साथ धूल नियंत्रण के नई तकनीक और तरीके सिखाए गए।

## बिजली सब-स्टेशन की सीएम ने रखी आधारशिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पावर डिस्ट्रीब्यूशिन नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम के रूप में दिल्ली सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने टाटा पावर-डीडीएल के साथ मिलकर मुबारकपुर डबास में अत्याधुनिक 66 केवी ग्रिड सब-स्टेशन की बुनियाद रखी। टाटा पावर-डीडीएल प्रवक्ता के अनुसार यह फैसिलिटी उत्तर-पश्चिम दिल्ली के कराला, मुबारकपुर और आसपास के क्षेत्रों में बढ़ती घरेलू और कमर्शियल इलेक्ट्रिसिटी की मांग को पूरा करेगा, साथ ही क्षेत्र में चल रहे शहरी विकास में भी सहायता करेगा। इस समारोह में विद्युत मंत्री आशीष सूद और वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, टाटा पावर-डीडीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) द्विजदास बसाक, कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि ने भी उपस्थित रहे।

## छह सरकारी अस्पतालों में 150 नए डायलिसिस यूनिट स्थापित : पंकज



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा-2025 के अंतर्गत दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने छह प्रमुख सरकारी अस्पतालों में 150 नई हीमो-डायलिसिस मशीनें स्थापित की हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इससे राजधानी दिल्ली में जीवन रक्षक स्वास्थ्य सेवाओं की क्षमता में भारी वृद्धि हुई है। साथ ही 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं और बच्चों को उनके स्वस्थ जीवन के लिए हर जरूरी पोषण मिले। डॉ. पंकज ने कहा कि अब ये 150 डायलिसिस यूनिट रोजाना 1500 से अधिक मरीजों का डायलिसिस कर रही हैं, जिससे जरूरतमंद नागरिकों को समय पर और समान रूप से उपचार मिल रहा है। 150 डायलिसिस मशीनों में से सबसे अधिक 55 मशीनें दिल्ली के बुराड़ी अस्पताल (मध्य जिला) और 45 मशीनें जनकपुरी के सुपर स्पेशलिटी (पश्चिम जिला) में लगाई गई हैं।

## निगम अस्पतालों में दवाइयों की भारी कमी : यादव

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने आरोप लगाए है कि भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम के अस्पतालों हिंदूराव , बालक राम , स्वामी दयानन्द में भ्रष्टाचार के कारण दवाओं की भारी कमी है। जिसका खामियाजा गरीब मरीजों को बाहर से महंगी दवाइयां खरीदकर भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था आईसीयू से वेंटिलेटर पर पहुंच गई है। यह चिंता कका विषय है लेकिन सीएम रेखा गुप्ता अपने केन्द्रीय नेतृत्व को खुश करने के लिए नई नई योजना की केवल घोषणा कर रही है। जबकि दिल्ली वासियों की मूल जरुरत जैसे स्वास्थ्य सेवाओं को दुरस्त करने पर सीएम कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने आरोप लगाए कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों सहित निगम के अस्पतालों में मरीजों को व्यवस्थाओं की कमी के कारण विभिन्न समस्याओं को सामना करना पड़ रहा है। भाजपा शासित निगम के अस्पतालों में व्यवस्था इतनी चरमराई हुई है कि बीपी, एंटीबायटिक, हृदय रोग जैसे रोगों की दवाएं तक नही मिल रही है। लंबी-लंबी लाईनों में लगने के बाद मरीज को डाक्टर दवाई तो लिखकर दे रहे है लेकिन अस्पताल में दवाई उपलब्ध नही है।




### सीबीजी-सीएनजी ईंधन स्टेशन का लोकार्पण

# गांवों के विकास के लिए फंड की नहीं है कोई कमी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली देहात के गांवों के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपए की परियोजनाएं आरम्भ की गई हैं और गांवों के विकास के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 100 टी.पी.डी कंप्रेस्ड बायोगैस (सी.बी.जी.) संयंत्र एवं एकीकृत सीबीजी-सीएनजी ईंधन स्टेशन का घोघा डेयरी में लोकार्पण करने के दौरान यह संबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि दिल्ली देहात के गांवों में नया इतिहास लिखा जा रहा है जिसका सवेरा आने वाली पीढ़ी के बच्चे गंदगी रहित दिल्ली के रूप में देखेंगे। रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा में ऐसे अत्याधुनिक संयंत्र लगाए जाएंगे, यूईआर-2 के द्वारा नरेला से एयरपोर्ट का सफर मात्र 25 मिनट में तय किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार सत्ता सुख प्राप्ति का साधन नहीं बल्कि सत्ता सेवा एवं समर्पण का साधन है। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत शुक्रवार को घोघा डेयरी में यह लोकार्पण किया गया है। उत्तर पश्चिम दिल्ली के सांसद योगेन्द्र चंदोलिया ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री ने यह बहुत ही अनोखा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि संयंत्र में एक तरफ से कूड़ा डालो और दूसरी तरफ से गैस निकालो ऐसी बातें केवल किस्से कहानियों में सुनी थी लेकिन आज पहली बार प्रत्यक्ष भी देख ली। वहीं, क्षेत्रीय विधायक राजकरण खत्री ने ग्रामीण विकास बोर्ड के माध्यम से दिल्ली देहात में 1000 करोड़ रुपए के कार्यों को मंजूरी देने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का धन्यवाद किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के शहरी विकास मंत्री आशीष सूद, उत्तर पश्चिमी दिल्ली के सांसद योगेंद्र चंदोलिया, उप महापौर जय भगवान यादव, स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा, निगम के नेता सदन प्रवेश वाही, स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर तंवर, विधायक राज करण खत्री, डेम्स समिति के अध्यक्ष संदीप कपूर, नरेला जोन की अध्यक्ष बबीता डबास, निगम पार्षद दिनेश कुमार, स्थायी समिति की सदस्य अंजू देवी, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्वनी कुमार, आई.जी.एल. के प्रबंध निदेशक कमल किशोर चेतीवाल, बड़ी संख्या में गणमान्य अतिथि, स्थानीय नागरिक और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अभियान पोषण माह के साथ मिलकर मातृ, किशोर एवं बाल पोषण को मजबूत करने और समाज को सशक्त बनाने का एक अनूठा अवसर है। स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार, सक्षम समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है।

# राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत 6 करोड़ स्क्रीनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य और सशक्तिकरण हमारे परिवारों, समुदायों और समग्र राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है ताकि विकसित भारत/2047 के विजन को साकार किया जा सके। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज एनआईटी-3 स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रांगण में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ बडख़ल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिली नई पहचान



## स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

*राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत माताओं को पहले बच्चे पर 5000 रुपए और दूसरे बच्चे के रूप में कन्या संतान पर 6000 रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। अब तक 4 करोड़ से अधिक माताओं को डीबीटी के माध्यम से 19000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत 6 करोड़ से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग, 2.7 करोड़ से ज्यादा जेनेटिक कार्ड वितरण और नवजात शिशुओं व किशोरों का उपचार किया गया है। स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत देशभर में महिलाओं के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित हो रहे हैं, जिनमें एनीमिया, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कैंसर जांच, मातृ एवं शिशु देखभाल, पोषण परामर्श और निक्षय मित्र अभियान जैसी सेवाएं दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान पोषण माह के साथ मिलकर मातृ, किशोर एवं बाल पोषण को मजबूत करने और समाज को सशक्त बनाने का एक अनूठा अवसर है। स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार, सक्षम समाज और मजबूत राष्ट्र की आधारशिला है।*

## रक्तदान की शपथ दिलाई

*इस अवसर पर उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त भारत और रक्तदान करने की शपथ दिलाई गई साथ ही ईएसआई डॉक्टर द्वारा 3 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण किट दी गई। कार्यक्रम में पार्षद गायत्री देवी, ईएसआई मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. चवन कालिदास दत्तात्रेय, मेडिकल सर्जन डॉ. संदीप कुमार सहित कई गणमान्य व्यक्तिगण मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### महिला कर्मचारियों को पुलिस ने किया जागरुक

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जागरूक कार्यक्रम किया जा रहे हैं, इसी कड़ी में महिला थाना एनआईटी की टीम ने सेक्टर 58 स्थित ज़ेप्टो कंपनी में महिला कर्मचारियों को जागरुक किया। थाना निरीक्षक माया ने समझाया कि आपात स्थिति तुरंत डायल 112 पर संपर्क करें।



### शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश कर पैसे दोगुने करने का लालच देकर 51,60,000 रुपए की ठगी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक व्यक्ति ने साइबर थाना में दी शिकायत में बताया कि ठगों ने अपने को निवेश सलाहकार बताकर पैसे एक साल में दोगुने करने का लालच दिया व डिमेट अकांउट खुलवाकर 51,60,000 रुपए का निवेश करवाया।



### न्यायाधीश के कुक को चाकू के बल पर लूटा

**फरीदाबाद।** जिला अदालत के न्यायाधीश के कुक को ऑटो चालक व उसमें सवार एक युवक ने चाकू की नोंक पर लूट लिया। पीड़ित ने यह मामला सेक्टर-17 थाने में दर्ज कराया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मूल रूप से करनाल में असंध के जय सिंह पुरा गांव के रहने वाले धर्म सिंह यहां अदालत में एक न्यायाधीश के निवास पर कुक हैं।




### टेलिग्राम टास्क के नाम पर 8,88,497 की ठगी

**फरीदाबाद।** टेलिग्राम टास्क के नाम पर 8,88,497 रूपए की ठगी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।एनआईटी फरीदाबाद निवासी एक महिला ने साइबर थाना एनआईटी में दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उसे टेलिग्राम के माध्यम से सम्पर्क किया जहां उसे अधिक पैसे कमाने का लालच व झांसे में लेकर उससे टास्क करने के नाम पर 8,88,497 रुपए ऐंठ लिए।



### वाहन चोर आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**फरीदाबाद।** वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मोटर साईकिल को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कुलदीप निवासी सुभाष कालोनी बल्लभगढ ने थाना सैंट्रल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि 13 जुलाई 2025 को उसने अपनी मोटरसाईकिल सेक्टर-12 स्थित मॉल की पार्किंग में खडी की थी। जिसे कोई नामपता नामालूम व्यक्ति चोरी करके ले गया।



## मंत्री ने किया स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर का उद्घाटन

# नियमित टीकाकरण करवा कर बच्चों का भविष्य सुरक्षित बनाएं रखने में मदद करें

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण करवाएं जिससे कि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। आज हमारे पास अधिकांश बीमारियों की रोकथाम के लिए टीका मौजूद है, जिसे सरकार स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क लगाती है। इन टीकों को लगवाने के लिए आप एएनएमए आशा वर्कर या आंगनबाड़ी सहायिका से भी संपर्क कर सकते हैं। किसी भी सरकारी अस्पताल में जाकर इन्हें निशुल्क लगवाया जा सकता है।

- टीकाकरण अभियान विशेष कर 2 अक्टूबर तक चलेगा
- भारत को पूरी तरह महामारियों से मुक्त कराना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बल्लभगढ़

स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत तिगांव सीएचसी में आज एक स्वास्थ्य जांच एवं वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने बताया कि यह शिविर 8वें राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अंतर्गत आयोजित किया गया है। इसमें बड़ी संख्या में महिला एवं बच्चों के लिए टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। इन टीकों में काली खांसी, पोलियो, निमोनिया, टीबी, रेबीज, रुबेला आदि की रोकथाम करना संभव है। उन्होंने लोगों से कहा कि वह अपने बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण करवाएं जिससे कि उनका भविष्य सुरक्षित हो सके। आज हमारे पास अधिकांश बीमारियों की रोकथाम के लिए टीका मौजूद है, जिसे सरकार अपने विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क लगाती है। इन टीकों को लगवाने के लिए



आप अपनी एएनएमए आशा वर्कर या आंगनबाड़ी सहायिका से भी संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा किसी भी सरकारी अस्पताल में जाकर इन्हें निशुल्क लगवाया जा सकता है। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार की थीम द्वारा यह टीकाकरण अभियान विशेष कर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जा रहा हैए जिसमें आप अब तक छूट गए टीकों को भी लगवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सपना है कि भारत पूरी तरीके से महामारियों से मुक्त हो जाए और यहां सभी लोग स्वस्थ एवं खुशहाल होंए इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में आमूल चूल परिवर्तन किए जा रहे हैं।

## बालिकाओं को जिम्मेदारी का भाव, निर्णय लेने की क्षमता व टीम भावना को मिला प्रोत्साहन



**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के लिये शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 का शुभारम्भ किया। 26 सितम्बर को"शक्ति कक्षा", 27-28 को "शक्ति खेल स्पर्धा", 29 सितम्बर को "शक्ति सम्मान समारोह" व 30 सितम्बर (दुर्गा अष्टमी) को "शक्ति कन्या पूजन" जनपद में वृहद स्तर पर आयोजित किए जाएंगें। मिशन शक्ति के विशेष अभियान 5.0 के अन्तर्गत "शक्ति कक्षा" कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विद्यालयों में प्रधानाचार्या/शिक्षक बन अन्य छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया एवं विद्यालय के कुशल एवं अच्छे संचालन के सम्बंध में आवश्यक बिन्दुओं पर अपने विचारों को साझा किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि इस विशेष अवसर पर समस्त 446 परिषदीय विद्यालय, 23 सहायता प्राप्त विद्यालय एवं 04 कस्तूरबा विद्यालयों की बालिकाओं ने कक्षा शिक्षिका के रूप में पूरे दिन विद्यालय की जिम्मेदारी संभाली और अपनी नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया। प्रातःकालीन से ही बालिकाओं ने कार्यक्रम की कमान संभाली। उन्होंने प्रार्थना से लेकर उपस्थिति दर्ज करने, पठन-पाठन कराने, खेल गतिविधियाँ संचालित करने तक सभी कार्य स्वयं किए।

## सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा-

# लोकतंत्र को बचाने युवाओं को ही आना होगा आगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को काम करने के आधार पर वोट नहीं मिले, बल्कि भाजपा ने साम-दाम-दंड-भेद के आधार पर जनादेश लूटकर सरकार बनाई है। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से दुखी है। उन्होंने हरियाणा के नौजवानों से अपील की कि वे देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए आगे आएं। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि देश में भाजपा की गलत नीतियों ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी है। पढ़ा-लिखा योग्य युवक रोजगार न मिलने से हताश व निराश है। इसी का परिणाम है कि देश भर में युवा आंदोलन के रास्ते पर चल पड़ा है।



उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था, 12 साल हो गए इस हिसाब से 24 करोड़ रोजगार मिलने चाहिए थे। सांसद हुड्डा हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष निशित कटारिया द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कैंप में युवा कांग्रेस पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। फरीदाबाद आगमन पर उनका विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया, विजय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक नीरज शर्मा निशित कटारिया ने बुक्के देकर स्वागत किया।

### भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया प्रभावित कर हरियाणा महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विस व लोस चुनाव जीते

सांसद सिंह हुड्डा ने कहा कि पूरे देश ने देखा कि भाजपा ने चुनाव व चुनाव की प्रक्रिया को प्रभावित कर हरियाणा, महाराष्ट्र में विधान सभा चुनाव और लोकसभा चुनाव जीता है। हरियाणा में पिछले 15 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबसे ज्यादा मत प्रतिशत 2024 में मिला। कांग्रेस पार्टी ने पिछले साल लोकसभा में 1984 के बाद दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा मत प्रतिशत अर्जित किया। जनभावना हरियाणा में बदलाव करने की थी, लेकिन भाजपा ने चुनाव आयोग से मिलीभगत कर जनभावना को चुराने का काम किया है। वोट चोरी से बनाई गई भाजपा सरकार ने हरियाणा के विकास को नहीं प्रदेश की राजनीति को भी पटरी से उतार दिया।

## सेवा उपकरण वितरण समारोह

# भारत विकास परिषद का उद्देश्य हर व्यक्ति तक सेवा आसानी से पहुंचाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद महानगर जिला कार्यालय सेक्टर-2 में शुक्रवार को भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित दिव्यांग एवं बुजुर्ग जनों के लिए सेवा उपकरण वितरण समारोह बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में सम्पन्न हुआ। समारोह की अध्यक्षता फरीदाबाद महानगर जिला अध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने की। इस अवसर पर जिला महामंत्री अनुराग गर्ग, जिला सचिव नवीन चेची, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती ममता राघव, महिला संयोजक विवेकानंद शाखा श्रीमती प्रभा सोलंकी, सेवा प्रकल्प सदस्य श्रीमती मोनिका गुप्ता इत्यादि मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह ने कहा कि भारत विकास परिषद का उद्देश्य समाज के हर व्यक्ति तक सेवा और



सहयोग की भावना को पहुंचाना है और ऐसे नेक कार्यो में सभी को बढ़-चढक़र अपनी भागेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में दिव्यांगजनों व बुजुर्गो की सेवा करना पुनीत कार्य है। इसे धर्म भी माना गया है इसलिए हम सभी को ऐसे नेक कार्यो में आगे आना चाहिए। पूर्व विधायक दीपक मंगला ने परिषद की इस पहल की प्रशंसा करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि महानगर भाजपा की टीम उन्हें ऐसे कार्यो के लिए सदैव सहयोग करेगी। इस दौरान दिव्यांग एवं बुजुर्गो को व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र एवं अन्य आवश्यक सेवा उपकरण प्रदान किए गए।

## हरियाणा बाढ़ पीड़ितों की सहायता को लेकर

# आम आदमी पार्टी ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा में बाढ़ प्रभावित लोगों को पंजाब सरकार के तर्ज पर मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय पर जिला उपायुक्तों के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किए। इसी कड़ी में फरीदबद में आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री पं. राजेंद्र शर्मा के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी नेताओं ने जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन सौंपा। उपायुक्त की अनुपस्थिति में ज्ञापन बल्लभगढ़ एसडीएम ने लिया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष रविन्द्र फौजदार, नीतू मान, अमन गोयल, नरेश शर्मा, भीम यादव, दिनेश शर्मा एडवोकेट, देवराज गौड, हिमांशु गोला इत्यादि अनेकों आप नेता मौजूद रहे। ज्ञापन



के माध्यम से पं. राजेंद्र शर्मा ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से वह मानसून में हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों में आई भीषण बाढ़ से हुए व्यापक नुकसान की ओर आकर्षित करना चाहते हैं। इस प्राकृतिक आपदा ने हजारों परिवारों, विशेष रूप से किसानों और ग्रामीण समुदायों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। उनकी आजीविका, फसलें, घर और पशुधन को भारी क्षति पहुंची है।

## नमो भारत कॉरिडोर पर एनसीआरटीसी ने आरंभ की ड्रोन-आधारित ओएचई निगरानी

**नगाजियाबाद।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) ने दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर ड्रोन-आधारित ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) मॉनिटरिंग प्रणाली की शुरुआत की है, जो रेलवे, आरआरटीएस और मेट्रो प्रणालियों के रखरखाव के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है। एनसीआरटीसी की यह पहल उसके सुरक्षित, कुशल और सतत ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के प्रयासों को और सुदृढ़ करती है। निगरानी का प्रबंधन कॉरिडोर के संचालन और रखरखाव में एनसीआरटीसी के पार्टनर, डीबी आरआरटीएस ऑपरेशंस इंडिया प्रालि द्वारा मेंटिनेंस फ्रेमवर्क के रूप में किया जाएगा। हाई-रिज़ॉल्यूशन कैमरों, थर्मल सेंसर और एआई-संचालित एनालिटिक्स से लैस ये ड्रोन, स्मार्ट, सुरक्षित और तीव्र ढंग से ओएचई की निगरानी में सक्षम हैं। ये ड्रोन ओवरहेड लाइनों के डीटेल्ड दृश्य कैप्चर करते हैं, इनके माध्यम से सटीक और बिना किसी हस्तक्षेप के निरीक्षण किया जा सकता है, और ओएचई की ढीली फिटिंग, इन्सुलेशन संबंधी समस्याओं या हॉटस्पॉट जैसी समस्याओं के शुरुआती संकेतों का पता लगाया जा सकता है।

# दोहरे हत्याकांड व गवाहों की हत्या करने वालों का पुलिस ने किया एनकाउंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

दिल्ली के नजफगढ़ में हुए दोहरे हत्याकांड और उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने वाले दो बदमाशों का गुडग़ांव पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है।

13 राउंड हुई फायरिंग में दो गोलियां बदमाशों के पैरों पर लगी हैं। आरोपियों को घायल अवस्था में सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों ही आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार को सूचना मिली थी कि दिल्ली के नजफगढ़ एरिया में हुए दोहरे हत्याकांड और उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने वाले बदमाश गुडग़ांव के धनकोट एरिया में है। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस का स्पेशल सेल भी लगा हुआ है। इस सूचना पर क्राइम ब्रांच ने धनकोट एरिया में घेराबंदी कर दी। दिल्ली पुलिस के साथ चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में जब बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने गोली चला दी। इस घटना में दिल्ली पुलिस के एसआई विकास के हाथ में गोली लगी। वहीं, गुडग़ांव पुलिस और दिल्ली पुलिस की तरफ से जवाबी कार्रवाई करते हुए छह राउंड फायर किए गए जिसमें से दो गोलियां बदमाशों के पैर पर लगी जिन्हें मौके पर काबू कर लिया गया।

## पुलिस ने 2 पिस्टल, 4 कारतूस, एक बाइक व 13 खाली खोल बरामद किए

*आरोपियों की पहचान गोला डेयरी, दिल्ली निवासी मोहित जाखड़ (29) तथा उत्तम नगर दिल्ली निवासी जतिन (21) के रूप में हुई। आरोपियों से पुलिस ने 2 पिस्टल, 4 कारतूस, 1 चोरी की बाइक व घटनास्थल से 13 खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस की मानें तो दोनों ही बदमाश दिल्ली के दोहरे हत्याकांड व उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने के मामले में वांछित थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस ने दोनों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। फिलहाल दोनों बदमाशों और सब इंस्पेक्टर को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाह आलम, पुत्रः जाने आलम, पताः म.नं. 16, गली नं. 4, न्यू गणेश नगर, कृष्णा नगर, दिल्ली–51** ने **FIR No. 336/2019, U/s 457/380/411 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शाह आलम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शाह आलम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 336/2019, U/s 457/380/411 IPC, पुलिस थाना जगतपुरी, दिल्ली** के अभियुक्त **शाह आलम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री आयुषी सक्सेना**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी**
**कक्ष नं. 07**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12943/SHD/2025**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विपिन गुलाटी निदेशक मेसर्स कल्याणी पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड, निवासीः ए–637, सेक्टर 19, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश** ने **Fir No. 3830/17 & 3831/17, U/s: 138 NI Act, पुलिस थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विपिन गुलाटी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विपिन गुलाटी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **विपिन गुलाटी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री अरविंद तोमर**
**एलडी जेएमएफसी एनआई एक्ट–07, कमरा नं. – 507,**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/12773/CD/2025**

**THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT**

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of FRP Pipes and Fittings | 2025_HBC_474485_1 |
| 2. | Regarding purchase of the spares for both mill turbines SS 26 AP Bellis make. | 2025_HBC_474503_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 01.10.2025 at 09.30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 01.10.2025 at 01:00 P.M. and the negotiation will be held on 03.10.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

**Sd/-Managing Director,**
**The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,**
**Sonipat**

## पेज एक का शेष

### ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं...

कहा कि हमने बीते गुरुवार को मामले पर सोशल मीडिया में एक नोटिस देखा है। जिसमें नए टैरिफ के बारे में बात की गई है। साथ ही मंत्रालय फार्मा और अन्य उत्पादों से संबंधित खबरों के बारे में भी पूरी तरह से अवगत है। संबंधित विभाग और मंत्रालय इस विषय पर बेहद निकटता से नजर रखते हुए इसके प्रभावों की जांच-पड़ताल कर रहे हैं। यह जानकारी रणधीर ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है।

**ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर की पोस्ट :** दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि 1 अक्टूबर 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। यह कंपनियों पर तब तक लागू रहेगा। जब तक कि वो अमेरिका में अपना प्लांट स्थापित नहीं कर लेती हैं या इस संबंध में अपने काम का आगाज नहीं कर लेती हैं। प्लांट की स्थापना यानी निर्माण का अभिप्राय यहां पर भूमि निर्माण या निर्माणाधीन से है। मतलब साफ है कि अगर इन दवाओं पर निर्माण शुरू हो गया है तो वह टैरिफ से अछूती रहेंगी।

**पहले लगाया 50 फीसदी टैरिफ :** उल्लेखनीय है कि अमेरिका के राष्ट्रपति ने पूर्व में भारत पर रूस से किए जा रहे कच्चे तेल के आयात को लेकर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया था। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने से जुड़ा हुआ है। ट्रंप ये भी कह चुके हैं कि भारत और चीन यूक्रेन युद्ध के बीच रूस की जंग को बढ़ावा देने के लिए अपने तेल आयात के जरिए उसे एक प्रकार से उसे वित्तीय मदद के साथ ही युद्ध के लिए जरूरी ईंधन भी प्रदान कर रहे हैं। भारत को लेकर हालांकि कभी उनका रुख नरम तो कभी अत्यधिक गरम नजर आता है। उसमें स्थायित्व के साथ संतुलन की कमी लगातार बनी हुई है। भारत ने इस विषय पर अपना पक्ष पूरी तरह से साफ कर दिया है। उसने कहा है कि उसकी रूस से चल रही तेल खरीद पूरी तरह से देश की आम-जनता की ऊर्जा जरूरतों की हर हाल में पूर्ति और आर्थिक हितों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

**रूसी सेना में तैनात 27 भारतीय :** रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत की जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में रूस की सेना में 27 भारतीय नागरिक सेवारत (तैनात) हैं। विदेश मंत्रालय इस मामले में उनके परिवार के सदस्यों के साथ बेहद निकटता से संपर्क बनाए हुए है। हमने अपने नागरिकों की रिहाई के लिए मुद्दे को जोरदार अंदाज में उठाया है। मंत्रालय एक बार फिर से सभी भारतीयों से यह अनुरोध करता है कि वो रूस की सेना में सेवा करने के लिए दिए जा रहे प्रस्तावों से दूरी बनाकर रखें। क्योंकि इन प्रस्तावों के साथ खतरा और जीवन के लिए जोखिम साथ में जुड़ा हुआ है।

### पीएम आज...

बताते हुए कहा कि इस पहल से देश का कोई भी हिस्सा संचार कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने बताया कि ये 4जी टावर पहले से ही 2.2 करोड़ ग्राहकों को सेवा दे रहे हैं और नेटवर्क को बिना किसी दिक्कत के 5जी में अपग्रेड किया जा सकता है। सिंधिया ने कहा कि यह भारत के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। अब बिहार के छात्र विश्वस्तरीय ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच पाएंगे, पंजाब के किसान मंडी भाव की रियल-टाइम जानकारी लेंगे, कश्मीर के सैनिक अपने परिवारों से जुड़े रहेंगे और पूर्वोत्तर के उद्यमी वैश्विक विशेषज्ञता और फंडिंग तक पहुंच सकेंगे।

### भारत का 100% 4जी...

डिजिटल भारत निधि पहल के तहत भारत का 100% 4जी सैचुरेशन नेटवर्क पूरा हो चुका है, जिससे लगभग 29,000 गांव जुड़ चुके हैं। यह उपलब्धि बीएसएनएल की 25वीं वर्षगांठ (सिल्वर जुबली) से पहले हासिल हुई है। दूरसंचार सचिव डॉ. नीरज मित्तल ने इस यात्रा को याद किया कि कैसे संदेह से शुरू होकर यह सफलता हासिल हुई। युवाओं की भागीदारी, उद्योग के सहयोग और रियल-टाइम मॉनिटरिंग को इस उपलब्धि का श्रेय दिया।

### पाकिस्तान, चीन को...

को लेकर उसके रुख में काफी सकारात्मक बदलाव देखा गया। जिसकी वजह से मंच के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के बाद जारी किए गए घोषणापत्र में आतंकवाद की एकजुटता से कड़ी निंदा की गई थी।

### बिहार में बदलाव का...

लेकिन जनता को रोजगार, शिक्षा और विकास से वंचित कर दिया। उन्होंने कहा, "20 साल से राज कर रहे हैं और आज भी बिहार के नौजवानों को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है। महिलाएं दिन-रात काम कर रही हैं, लेकिन उनका सम्मान और अधिकार नहीं है।" प्रधानमंत्री मोदी पर हमला करते हुए प्रियंका ने कहा, "उन्होंने मोतिहारी की चीनी मिल खोलने और चाय पीने का वादा किया था, लेकिन 11 साल में एक कप चाय भी नहीं पी। बड़ी-बड़ी बातें और खोखले भाषण ही इनकी पहचान हैं।" उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की संपत्ति अडानी-अंबानी जैसे दोस्तों को सौंप दी और किसानों, गरीबों और महिलाओं को हाशिए पर धकेल दिया। महिलाओं से अपील करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, "अगर 10,000 रुपए दे रहे हैं तो ले लो, लेकिन वोट देश और बच्चों के भविष्य के लिए डालो। खोखले वादों में मत फंसो।" उन्होंने राहुल गांधी को "असली देशभक्त" बताते हुए कहा कि वह सामाजिक न्याय, दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा सरकार को "निकम्मी सरकार" बताते हुए कहा, "तीन साल में 27 पुल ढह गए, 70,000 करोड़ रुपये घोटालों में गायब हो गए, शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो गई और रोजगार के अवसर खत्म हो गए। अब बिहार को ऐसी सरकार चाहिए जो दिन-रात जनता के लिए काम करे।" जनसभा के अंत में प्रियंका गांधी ने जनता से अपील की, "20 साल से चल रहा संघर्ष खत्म कीजिए। बदलाव का समय आ गया है। भाजपा-नीतीश सरकार को हटाइए और ऐसी सरकार चुनिए जिस पर गर्व से कह सकें – मैं बिहारी हूं, मुझे बिहार में ही रोजगार और शिक्षा मिलती है।"

**प्रियंका गांधी ने महागठबंधन के संकल्प पत्र का उल्लेख करते हुए गिनाए वादे –**

- महिलाओं को 2500 प्रतिमाह सीधे खाते में।
- मनरेगा में 300 रुपये प्रतिदिन मजदूरी और काम के दिन दोगुने।
- 200 यूनिट बिजली मुफ्त।
- किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी और मंडियों की व्यवस्था।
- भूमिहीन परिवारों को 3 से 5 डिसमिल जमीन, मालिकाना हक महिलाओं के नाम।
- हर विधानसभा में 10 करोड़ रुपये का "बिहार बनाओ स्टाइपेंड फंड"।
- स्वास्थ्य सुविधाएं 25 लाख रुपये तक मुफ्त।
- सरकारी नौकरियों में बिहारवासियों के लिए विशेष आरक्षण और पेपर लीक रोकने के लिए जॉब कैलेंडर।
- अति पिछड़ा अत्याचार निवारण अधिनियम और पंचायती राज संस्थाओं में 30 फीसदी आरक्षण।

### रूस के डिप्टी पीएम...

बीच कृषि व्यापार संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने में रूस की गहरी रुचि व्यक्त की और एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर के माध्यम से इस साझेदारी को औपचारिक रूप देने में रुचि दिखाई। दोनों पक्ष शैक्षणिक आदान-प्रदान और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति के अवसरों में सहयोग को गहरा करने और कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने तथा प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बीज ट्रेसेबिलिटी प्रणालियों में संयुक्त पहलों की संभावना तलाशने पर भी सहमत हुए।

### कानून के प्रारूप में...

प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा है। जब विधेयक और कानून संविधानिक मूल्यों तथा जनता की आकांक्षाओं का स्पष्ट और सटीक रूप से प्रतिबिंबन करते हैं, तभी लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने उद्देश्य की पूर्ति कर पाती है। बिरला ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न केवल अधिकारियों की क्षमता को बढ़ाते हैं बल्कि विधायी संस्थाओं की गरिमा और प्रभावशीलता को भी सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कानून का प्रारूप जब सदन में आए तो उस पर जितनी विस्तृत चर्चा होगी, उतना वह कानून जनानुकूल बन सकेगा। और यदि लेजिसलेटिव ड्राफ्टिंग अच्छी होगी तो विचारधारा के आधार पर सहमति – असहमति हो सकती है; लेकिन कानून की भाषा पर आपत्ति नहीं होगी। यह दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हरियाणा विधानसभा और हरियाणा सरकार के लगभग 400 अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया है। इसमें विशेषज्ञ वक्ता प्रतिभागियों को विधायी प्रारूपण, संविधानिक मूल्यों, सटीक कानूनी भाषा के महत्व और निर्वचन के नियमों पर मार्गदर्शन देंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम कल 27 सितंबर को संपन्न होगा। समापन सत्र में प्रतिभागी अपने अनुभव साझा करेंगे और कार्यक्रम से प्राप्त निष्कर्षों पर विचार-विमर्श होगा।

## खबर संक्षेप

### एक साल में ही कीर्ति पांडेय ने कुर्सी छोड़ी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की अध्यक्ष कीर्ति पांडेय ने एक साल में ही अपनी



कुर्सी छोड़ दी। यूपी सरकार ने उनका इस्तीफा मंजूर कर लिया है। कीर्ति पांडेय के इस्तीफे के बाद खाली पद की जिम्मेदारी आयोग ने अब वरिष्ठ सदस्य को कार्यभार सौंपा है। प्रो. कीर्ति पांडेय ने इस्तीफा क्यों दिया? इसकी अभी कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### इंस्पेक्टर की स्विमिंग पूल में डूबने से मौत

**लखनऊ।** यहां महानगर थाना क्षेत्र में गुरुवार को 35वीं बटालियन के स्विमिंग पूल में नहाते समय



इंस्पेक्टर अश्विनी चतुर्वेदी की संदिग्ध परिस्थितियों में डूबने से मौत हो गई। उधर, सूचना मिलने पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

## दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा पर सिख समाज ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# 1984 का काला दिन भारतीय लोकतंत्र व मानवता पर कलंक

**1984 सिख दंगों के पीड़ित परिवारों की पीड़ा हमारी पीड़ा, हरियाणा सरकार परिवारों के साथ**

*▶▶ मुख्यमंत्री ने कहा कि सिखों की सेवा भावना विश्व विख्यात है। जहां भी मानवता पर संकट आता है, वहां पर उनकी रक्षा और सेवा के लिए पहुंच जाते हैं। लेकिन जिस समाज ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उसी समाज को वर्ष 1984 में निर्दयता से जख्मी किया गया।*



**हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख समाज एक बहादुर कौम है, जिसने धर्म की रक्षा के लिए सिर कटा दिये, लेकिन झुके नहीं। 1984 सिख दंगों में पीडित परिवारों की पीड़ा हमारी पीड़ा है और सिख समाज का संघर्ष हम सब के लिए प्रेरणादायी है व उनका आत्म-सम्मान सर्वोपरि है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहां आए सिख समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश सरकार द्वारा मानसून सत्र के दौरान 1984 के दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने का प्रस्ताव पारित करने पर सिख समाज ने आज मुख्यमंत्री का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।



### दोषियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सत्ता में आने के बाद यह संकल्प लिया कि वर्ष 1984 की त्रासदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। परिवारों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने के साथ साथ उन्हें सम्मान भी दिया जाएगा। हमने विशेष जांच आयोग गठित किए, दोषियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज किया और मुआवजा योजनाओं को लागू किया। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी परिवार को न्याय से वंचित न रहना पड़े। प्रदेश में किसी भी नागरिक के साथ, उसकी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सिख समाज के योगदान के प्रति बार-बार कृतज्ञता व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर अनेक योजनाएं चल रही है।

### 121 परिवारों को सरकारी नौकरी का प्रावधान किया

*मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया था, जिनके किसी सदस्य की जान दंगों में चली गई थी। उन्होंने कहा कि सिख समाज की कुर्बानियों तथा वीरता पर सभी भारतवासियों को भी गर्व है। गुरुओं के आदर्शों व सिद्धान्तों पर चलते हुए समाज हर जगह आगे रहा।*





कुछ प्रजातियां, जैसे न्यूज़ीलैंड के कुछ पक्षी और कीवी पक्षी, अंधे होते हैं और गंध के सहारे शिकार करते हैं।


पपुआ न्यू गिनी का हुडेड पिटोहुई दुनिया का एकमात्र जहरीला पक्षी है।



# एमबीए करने के बाद बना सकते हैं अच्छा करियर



नालेज

यंगभूमि डेस्क

आप भी एमबीए करने के बारे में सोच रहे हैं और आपको नहीं पता कि एमबीए करने के फायदे क्या होते हैं और एमबीए करने से क्या होता है तो यह जानकारी आपके लिए महत्वपूर्ण होने वाली है। बहुत सारे विद्यार्थियों को बिजनेस में रुचि होती है। जो विद्यार्थी बिजनेस में इंटरेस्ट रखते हैं वह अपना खुद का व्यापार करना चाहते हैं। ऐसे में उनका गोल सेट होता है कि उन्हें एमबीए करना है। एक बेहतर माइंडसेट वाले स्टूडेंट को एमबीए करने के लाभ जरूर मिलते हैं। अगर आप भी बिजनेस में रुचि रखते हैं तो किसी भी अच्छे संस्थान से एमबीए कर सकते हैं।

## सरकारी कॉलेज से एमबीए

हम आपको कुछ ऐसे कॉलेजों के बारे में बता रहे हैं जहां से आप आसानी से यह डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। हमारे इस आर्टिकल से आपको काफी सहायता मिलेगी। विभिन्न कालेज तथा उनके फीस के बारे में आपको थोड़ा अंदाजा हो जाएगा। जिसके अनुसार आप किसी भी कॉलेज में एडमिशन ले पाएंगे जो आपके पसंद के मुताबिक होगा। आमतौर पर अगर आप प्राइवेट कॉलेज की बजाय सरकारी कॉलेज से एमबीए करते हैं तो फीस बहुत कम होती है। जैसे अगर हम दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स की बात करें तो इसकी 2 साल की एमबीए की फीस 30392 रुपये है।

### ये है बेस्ट प्लेसमेंट कॉलेज

ऐसे में अगर आप गरीब परिवार से भी संबंधित है तो भी आसानी से एमबीए की डिग्री कर सकते हैं। हालांकि एडमिशन लेने के लिए आपको एंट्रेंस टेस्ट पास करना होता है। हर कॉलेज की तरफ से प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है तथा प्रवेश परीक्षा को पास करने वाले विद्यार्थियों को ही कॉलेज में दाखिला दिया जाता है। सरकारी कालेजों मे एमबीए की फीस 30,392 से लेकर 400,000 लाख प्रतिवर्ष हो सकती है वही प्राइवेट कॉलेजों मे एमबीए के फीस 300,000 लाख से लेकर 1,300,000 रुपए तक हो सकती है। आईआईएम अहमदाबाद, आईआईएम बंगलोर, आईआईएम कलकत्ता, एफएमएस दिल्ली, आईआईएम इंदौर, आईआईएम लखनऊ, यूबीएस चंडीगढ़ बेस्ट प्लेसमेंट देते हैं।

## एमबीए करने के फायदे

अब अगर हम इस बारे में बात करें कि एमबीए करने के फायदे क्या मिलते हैं तो एक अच्छे करियर ऑप्शन के साथ-साथ इसमें आपको बढ़िया सैलरी पैकेज में मिलता है। इन दिनों युवाओं में एमबीए को लेकर काफी क्रेज है। हर कोई इसे अपने करियर ऑप्शन के रूप में सेलेक्ट कर रहा है। एमबीए ऐसी डिग्री है जिसकी दुनिया के करीबन प्रत्येक यूनिवर्सिटी में है। आईआईएम से एमबीए कोर्स करने के लिए कैट यानी कॉमन एडमिशन टेस्ट की परीक्षा पास करनी होती है। इसके अतिरिक्त जैट और मैट एग्जाम पास करके भी विभिन्न मैनेजमेंट कॉलेजों में एडमिशन लिया जा सकता है। इसके अलावा कई यूनिवर्सिटी और मैनेजमेंट कॉलेज ऐसे भी हैं जो अपना एंट्रेंस एग्जाम स्वयं आयोजित करते हैं।

### अच्छा सैलरी पैकेज मिलता

एमबीए की डिग्री प्राप्त करने के बाद करियर के कई विकल्प खुल जाते हैं इसके साथ में हाई सैलरी पैकेज वाली जॉब भी मिलती है। एमबीए करके आप किसी भी कंपनी के सीईओ तक की पोस्ट तक पहुंच सकते है। सीईओ की पोस्ट हाई पेइंग जॉब है। आईआईएम से एमबीए करने वाले स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट एक करोड़ तक की सैलरी पैकेज पर हो जाता है।

### स्किल में वृद्धि होती

एमबीए करने के बाद आपकी स्किल्स में वृद्धि होती है। आपके अंदर किसी भी काम को करने के लिए नई-नई स्किल आती है। ऐसे मैं आपके अंदर आइडिया आते हैं कि आप किसी काम को कितने तरीकों से कर सकते हैं। आप स्मार्ट तरीके से सोचने लगते हैं। इससे आप मार्केटिंग स्ट्रेटजी तेजी से तैयार कर सकते हैं। जो कि जॉब या अपने बिजनेस, दोनों में काफी काम आती है।

## खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकते

एमबीए करने के बाद स्टूडेंट्स जॉब करने की अपेक्षा अपने स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं। इस कोर्स के बाद आपको मैनेजमेंट की समझ हो जाती है। ऐस में आप अपने स्टार्टअप को सफल बना सकते हैं। यही कारण है कि कई मैनेजमेंट ग्रेजुएट पढ़ाई पूरी करके अपना बिजनेस शुरू कर लेते है।

### कम्युनिकेशन स्किल में इजाफा

एमबीए कोर्स के दौरान स्टूडेंट्स की पर्सनॉलिटी डेवलपमेंट पर काफी ध्यान दिया जाता है। इन सबमे कम्युनिकेशन स्किल काफी जरूरी है। अच्छी कम्युनिकेशन स्किल की जरूरत हर फील्ड में होती है। ऐसे में एमबीए कर लेने पर किसी भी फील्ड में फायदा होगा।

### प्रोफेशनल नेटवर्क बना सकते

एमबीए करने के बाद विद्यार्थी लाखों पूर्व छात्रों के वैश्विक नेटवर्क का भाग बन जाते हैं. जिससे आपके नेटवर्क में बढ़ोतरी होती है। इस नेटवर्क में आपकी फील्ड के अतिरिक्त अन्य प्रोफेशनल लोग भी शामिल होते हैं। जिनसे नेटवर्किंग करके अपने करियर को अपेक्षाकृत आसानी से आगे बढ़ाया जा सकता है। इस प्रकार आप के अंदर एक अलग ही आत्मविश्वास होता है।

### जॉब के अवसर बढ़ जाते

एमबीए करने के बाद अभ्यर्थियों के जॉब के अवसर बढ़ जाते हैं। क्योंकि आज के दौर में बहुत सारी कंपनियां एमबीए कैंडिडेंटस को नौकरी पर रखती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि उनके पास मैनेजमेंट से लेकर बिजनेस की समझ काफ़ी अच्छी होती है।

### एमबीए करने से ग्लोबल मार्केट की समझ हो जाती

एमबीए की पढ़ाई करने वाले छात्रों की ग्लोबल मार्केट को लेकर समझ बढ़ जाती है। एमबीए स्टूडेंट्स प्रोफेसरों से सीखने के अतिरिक्त अन्य देशों की अर्थव्यवस्था के बारे में भी समझ विकसित करते है। इस प्रकार उन्हें हर देश की अर्थव्यवस्था के बारे में जानकारी होती है। यह उसे कंपनी के लिए काफी लाभदायक हो सकता है जिसमें वह नौकरी कर रहे हैं।

---

### तेजी से बदल रही दुनिया में रोजगार नए अवसर प्रदान कर रहा

# एआई अवसरों का नया द्वार, युवाओं के करियर को दे रहा नई उड़ान



**विपुल शर्मा**
मोटिवेशनल स्पीकर

तेजी से बदल रही दुनिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। यह हर काम को जहां बेहद आसान बना रहा है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में भी नए द्वारा खोल रहा है। इससे युवा अपने करियर को नई उड़ान भर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा नहीं रहा, बल्की अब यह हर क्षेत्र की जरूरत बनता जा रहा है। स्वास्थ्य, टेक, शिक्षा, साइंस और बड़ी बड़ी कंपनियां चाहे जो भी हर जगह एआई की डिमांड है। देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा भी अब एआई को लेकर गंभीर हैं और इस क्षेत्र में लगातार दक्षता हासिल कर रहे हैं। आज की दुनिया बड़ी तेज़ी के साथ बदल रही है। पहले जो काम सालों में होता था, अब महीनों में हो जाता है। जो महीनों में होता था वह अब सप्ताह या कुछ ही दिनों में हो रहा है, जबकि एक दिन में होने वाला काम महज कुछ घंटों या सेकंडों में हो रहा है। इस बदलाव के पीछे सबसे बड़ी ताक़त है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई। अब एआई तकनीसे रोबोट जटिल से जटिल सर्जरी तक कर रहे हैं।

**देश दुनिया के लाखों करोड़ों युवा अब एआई को लेकर गंभीर**

### हर क्षेत्र में बढ़ती जा रही भूमिका

एआई की भूमिका हर क्षेत्र में लगातार बढ़ती जा रही है। हर देश अपने स्वदेशी उपकरणों को और आधुनिक बनाने के लिए इस तकनीक का प्रयोग कर रहा है। एआई हर क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान रच रही है और रोजगार के नए नए अवसर पैदा कर रही है। ऐसे में युवा शक्ति इस तकनी को अपनाकर अपना करियर किसी भी क्षेत्र में चमका शक्ति है। एआई 10वीं और 12वीं पास छात्रों के लिए भी वरदान साबित हो रही है। यह विभिन्न क्षेत्रों में कोर्स के मौके देकर छात्रों के लिए भविष्य के नए द्वार खोल रही है। इससे छात्र भी नए नए इनोवेशन के जरिये अपने करियर को बेहतर बना रहे हैं।

### लगभग हर क्षेत्र में आ रहा काम



**बन रहा समय की जरूरत**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिर्फ़ टेक्नोलॉजी का हिस्सा ही नहीं, अब बन रहा जरूरत**

### पढ़ाई और करियर में एआई की भूमिका

आज के विद्यार्थी सिर्फ किताबों तक सीमित ही नहीं हैं। वे एआई की मदद से वे ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर नई-नई स्किल्स सीख सकते हैं। चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को और आसान बना रहे हैं। मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटा साइंस, क्लाउड कंप्यूटिंग, और वेब डेवलपमेंट जैसी तकनीकें एआई के जरिये और आसान हो रही हैं। ये केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बदलाव की क्रांति ला रही हैं। इससे युवाओं को बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।

### रोजगार के नए अवसर

आज से 10 साल पहले शायद ही किसी ने सोचा होगा कि डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर या एआई एथिक्स ऑफिसर जैसे पद होंगे। लेकिन अब ये युवाओं के लिए सबसे चर्चित करियर बन चुके हैं। युवाओं के लिए यह मौका है कि वे सिर्फ़ पारंपरिक नौकरियों पर न रुकें, बल्कि भविष्य की नौकरियों के लिए खुद को तैयार करें। इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं है और छात्रों के लिए बेहतरीन मौके। एआई के जरिये सिर्फ कीबोर्ड से घर बैठकर भी पैसा कमाना आसान बन रहा है।

### स्किल्स ही सबसे बड़ा हथियार

डिजिटल दुनिया के लिए डिग्री ज़रूरी है, लेकिन अब सिर्फ डिग्री से नौकरी मिलना मुश्किल है। एआई के इस युग में प्रोग्रामिंग, डेटा एनालिसिस, डिजिटल मार्केटिंग, साइबर सिक्योरिटी जैसी स्किल्स आपको भीड़ से अलग पहचान दिला सकती हैं। ऐसे क्षेत्रों में आप एआई के कोर्स कर अपने भविष्य को संवार सकते हैं।



**चैटबॉट्स, वर्चुअल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स पढ़ाई को बना रहे आसान**

### डर नहीं, दोस्त बनाइए

देखने में आया कि कुछ लोग कहते हैं कि एआई नौकरियां छीन लेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि एआई उन लोगों की मदद करेगा जो नई स्किल्स सीखेंगे। यानी, एआई से डरने की जगह हमें इसे अपना दोस्त बनाना चाहिए। जब आप एआई को अपना दोस्त बना लेंगे तो आपके करियर और भविष्य को चमकने से कोई नहीं रोक सकता।

### युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

- युवाओं के लिए आई एक सुनहरा अवसर है। यह उन्हें न सिर्फ़ करियर की नई दिशा देगा, बल्कि दुनिया को बदलने का मौका भी देगा। इसलिए आज से ही तय कीजिए कि आप एआई को एक डर की तरह नहीं, बल्कि अवसर के नए द्वार की तरह अपनाएंगे और अपने भविष्य को सुरद्धक्षित बनाएंगे। यह छात्रों के करियर में चार चांद लगाएगा और आपको टेक्नीकली रूप ये मजबूत बनाएगा। नौकरी की नई राह खुलेगी।

### एआई कोर्स करने के लिए टॉप संस्थान

1. **IIT** बॉम्बे – **AI** व डेटा साइंस
2. **IIT** दिल्ली – मशीन लर्निंग व डीप लर्निंग
3. **IIT** मद्रास – **B.Sc. Data Science & AI** (ऑनलाइन/ऑफलाइन)
4. **IIT** हैदराबाद – **AI** में विशेष **M.Tech** प्रोग्राम
5. **IISc** बैंगलोर – कंप्यूटर साइंस व मशीन इंटेलिजेंस
6. **IIIT** हैदराबाद – डेटा साइंस व रोबोटिक्स
7. **IIIT** बेंगलुरु – **AI** व मशीन लर्निंग सर्टिफ़िकेशन
8. **IIM** बेंगलुरु/अहमदाबाद – **AI** व बिजनेस एनालिटिक्स (मैनेजमेंट दृष्टिकोण से)
9. **CDAC (Centre for Development of Advanced Computing)** – **AI** व एडवांस्ड कंप्यूटिंग डिप्लोमा
10. **JNU** व दिल्ली यूनिवर्सिटी – डेटा साइंस व **AI** संबंधित **M.Sc./Diploma**

### यहां से करें डिग्री/डिप्लोमा

- **B.Tech./B.Sc. in AI/Data Science/Computer Science** – 4 साल
- **M.Tech./M.Sc. in AI/Machine Learning** – 2 साल
- **PG Diploma in AI/ML (CDAC, IITs, IIITs)** – 1 साल
- **Certificate Courses (Coursera, NPTEL, Udemy, EdX)** – 3 से 6 महीने

### यह मिल सकती है सैलरी

- (**Fresher**): 6–10 लाख प्रति वर्ष (**AI** इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट)
- **Mid-Level** (5–8 साल): 15–25 लाख प्रति वर्ष
- **Senior Roles** (10+ साल): 30–50 लाख+ (**AI Architect, Research Scientist**)

---

# छात्र नई तकनीक सीखें, सोशल मीडिया पर समय न करें बर्बाद



**मोटिवेशनल**
**डॉ. दिव्या तंवर**

भारत एक ऐसा देश जहां युवा आबादी की संख्या दुनिया में सबसे अधिक है। यह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। आज का युवा न केवल भारत का भविष्य है, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी छाप छोड़ने की क्षमता रखता है। लेकिन इस ऊर्जा और अवसरों को सही दिशा में लगाना जरूरी है। आज के दौर में, जहां सोशल मीडिया और डिजिटल दुनिया हमारा ध्यान खींचती है, हमें यह समझना होगा कि समय का सही उपयोग और नई तकनीकों को सीखना ही हमें आगे ले जाएगा। सोशल मीडिया ने हमें एक-दूसरे से जोड़ा है, जानकारी साझा करने का एक आसान तरीका दिया है, लेकिन क्या हम इसका उपयोग सही तरीके से कर रहे हैं? घंटों स्क्रॉल करना, रील्स देखना, या बिना उद्देश्य के चैटिंग करना हमें तात्कालिक खुशी तो दे सकता है, लेकिन यह हमारा समय चुरा लेता है।

### यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें

वह समय, जो हम नई तकनीक सीखने, अपने कौशल को निखारने और अपने करियर को मजबूत करने में लगा सकते हैं। सोशल मीडिया का उपयोग करें, लेकिन सीमित और स्मार्ट तरीके से। इसे अपने ज्ञान को बढ़ाने, नई तकनीकों के बारे में जानने और प्रेरणा लेने का जरिया बनाएं। उदाहरण के लिए, यूट्यूब पर तकनीकी ट्यूटोरियल्स देखें, लिंक्डइन पर प्रोफेशनल्स से सीखें, या एक्स पर विशेषज्ञों की पोस्ट पढ़ें।

**नई तकनीक**: भविष्य का आधार

आज का युग तकनीक का युग है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, डेटासाइंस, क्लाउडकंप्यूटिंग, और वेबडेवलपमेंट जैसी तकनीकें न केवल भारत में, बल्कि पूरी दुनिया में क्रांति ला रही हैं। भारत में स्टार्टअप्स और टेक कंपनियां इन क्षेत्रों में तेजी से बढ़ रही हैं, और वे युवाओं को अवसर प्रदान कर रही हैं। लेकिन इन अवसरों को हासिल करने के लिए हमें तैयार रहना होगा। तकनीक सीखना न केवल आपको नौकरी के लिए तैयार करता है, बल्कि यह आपको आत्मनिर्भर और नवाचार करने वाला बनाता है। चाहे आप कोडिंग सीखें, डेटा विश्लेषण करें, या साइबर सिक्योरिटी में महारत हासिल करें, ये कौशल आपको वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धी बनाएंगे।

**कौशल क्यों महत्वपूर्ण हैं?** : भारत में 65% से अधिक आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह युवा शक्ति हमारा सबसे बड़ा संसाधन है। लेकिन बिना कौशल के यह शक्ति अधूरी है। आज की नौकरियां डिग्री से ज्यादा कौशल पर निर्भर करती हैं। टेक कंपनियां ऐसे लोगों की तलाश में हैं जो प्रोग्रामिंग, डिजाइनिंग, डेटाएनालिसिस, या डिजिटलमार्केटिंग जैसे क्षेत्रों में पारंगत हों।

**उदाहरण के लिए: कोडिंग**: पायथन, जावा, या जावास्क्रिप्ट सीखने से आप सॉफ्टवेयरडेवलपमेंट में करियर बना सकते हैं।

**डेटासाइंस**: डेटा विश्लेषण और मशीन लर्निंग की मांग हर उद्योग में बढ़ रही है।

**डिजिटलमार्केटिंग**: सोशल मीडिया का सही उपयोग करके आप ब्रांड्स के लिए ऑनलाइन उपस्थिति बढ़ा सकते हैं।

**साइबर सिक्योरिटी**: डिजिटल दुनिया को सुरक्षित रखने की जरूरत आज पहले से कहीं ज्यादा है। ये कौशल न केवल आपको नौकरी दिला सकते हैं, बल्कि फ्रीलांसिंग, स्टार्टअप शुरू करने, या स्वरोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं।

### समय का सही उपयोग कैसे करें ?

**लक्ष्य स्पष्ट करें**: आप किस क्षेत्र में जाना चाहते हैं? **AI**, वेबडेवलपमेंट, या कोई और तकनीक? अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें।

**ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग करें**: कोर्सेरा, उडेमी, यूट्यूब, और फ्रीकोडकैंप जैसे मुफ्त संसाधन उपलब्ध हैं। इनसे नई तकनीक सीखें।

**समय प्रबंधन**: रोजाना 1-2 घंटे तकनीक सीखने के लिए निकालें। सोशल मीडिया पर बिताने वाला समय कम करें।

**प्रोजेक्ट बनाएं**: जो सीखा, उसे लागू करें। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट बनाकर अपने कौशल को परखें।

**नेटवर्किंग**: लिंक्डइन और एक्स जैसे प्लेटफॉर्म पर तकनीकी विशेषज्ञों से जुड़ें और उनसे सीखें।

**भारत के युवा**: दुनिया को बदलने की ताकत भारत के युवा न केवल अपने देश के लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरणा बन सकते हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, और अमेजन जैसी कंपनियों के सीईओ से लेकर स्टार्टअप्स के संस्थापक तक, भारतीय युवा हर जगह अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। लेकिन यह सफलता मेहनत, अनुशासन, और कौशल से मिलती है। सोशल मीडिया पर समय बर्बाद करने के बजाय, अपने समय को निवेश करें। हर दिन कुछ नया सीखें, अपने कौशल को निखारें, और भारत को तकनीकी दुनिया का नेतृत्व करने में मदद करें। यह आपका समय है, इसे बर्बाद न करें इसे बनाएं!

**आज से शुरुआत करें, क्योंकि आपका भविष्य आपके हाथों में है**

## सामान्य ज्ञान

**1.** हड़प्पावासी किस वस्तु के उत्पादन में सर्वप्रथम थे?
(ए) मुद्राएं (बी) कांसे के औजार
(सी) कपास (डी) जौ

**2.** निम्नलिखित विद्वानों में से हड़प्पा सभ्यता का सर्वप्रथम खोजकर्ता कौन था ?
(ए) सर जॉन मार्शल
(बी) आर. डी. बनर्जी
(सी) ए० कनिंघम
(डी) दयाराम सहनी

**3.** सिंधु सभ्यता का पत्तननगर (बंदरगाह) कौन-सा था ?
(ए) कालीबंगन (बी) लोथल
(सी) रोपड़ (डी) मोहनजोदड़ो

**4.** पैमानों की खोज ने यह सिद्ध कर दिया है कि सिंधु घाटी के लोग माप और तौल से परिचित थे। यह खोज कहाँ पर हुई ?
(ए)कालीबंगन (बी)हड़प्पा
(सी)चहुदड़ी (डी)लोथल

**5.** हड़प्पाकालीन समाज किन वर्गों में विभक्त था ?
(ए)शिकारी, पुजारी, किसान, क्षत्रिय
(बी)विद्वान, योद्धा, व्यापारी, श्रमिक
(सी)ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र
(डी) राजा, पुरोहित, सैनिक, शूद्र

**6.** सिंधु सभ्यता का सर्वाधिक उपयुक्त नाम क्या है?
(ए) हड़प्पा सभ्यता
(बी) सिंधु सभ्यता
(सी) सिंधु घाटी सभ्यता
(डी) इनमें से कोई नहीं

**7.** हड़प्पा सभ्यता की खोज किस वर्ष में हुई थी ?
(ए)1935 ई. (बी)1942 ई.
(सी)1901 ई. (डी)1921 ई.

**8.** हड़प्पा सभ्यता के बारे में कौन-सी उक्ति सही है ?
(ए) उन्हें अश्वमेध का जानकारी थी
(बी) गाय उनके लिए पवित्र थी
(सी) उन्होंने पशुपति का सम्मान करना आरंभ किया
(डी) उनकी संस्कृति सामान्यत: स्थिर नहीं थी।

**9.** हड़प्पा के लोगों की सामाजिक पद्धति...... थी
(ए) उचित समतावादी
(बी) दास-श्रमिक आधारित
(सी) वर्ण आधारित
(डी) जाति आधारित

उत्तर 1.(सी) 2.(डी) 3.(बी) 4.(डी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8. (सी) 9. (ए)





62 साल में आसमान में आखिरी बार गरजा मिग-21, भावुक हुए पूर्व वायु सैनिक

## मिग-21 को पानी की बौछार से अंतिम सलामी दी गई

# तेजस को 'विजयी भव :' कह मिग-21 विदा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

भारतीय वायु सेना का जंगी जहाज मिग-21 गुरुवार को रिटायर हो गया। चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से मिग-21 को विदाई दी गई। समारोह में देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विशेष तौर पर शामिल हुए। उनके अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान, वायुसेना अध्यक्ष एपी सिंह, सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी और नौसेना अध्यक्ष दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भी शिरकत की और मिग-21 की विदाई समारोह के ऐतिहासिक क्षण के गवाह बने। दुश्मनों के दांत खट्टे कर देने वाला ये लड़ाकू विमान अब आसमान में उड़ता हुआ नहीं दिखेगा। मिग-21 की जगह अब तेजस लेगा। चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन पर आयोजित समारोह में कुल 6 मिग विमानों ने आसमान में आखिरी बार ताकत दिखाई। सातवीं महिला पायलट स्कवाड्रन लीडर प्रिया शर्मा ने भी मिग 21 उड़ाया। पैंथर फॉरमेशन में सभी विमान एयरबेस पर लौटे जिनके पायलटों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ऐतिहासिक तस्वीर खिंचवाई। मिग 21 को पानी की बौछार से अंतिम सलामी दी गई।

1 26 सितंबर का दिन भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज

2 कुल छह मिग विमानों ने आसमान में आखिरी बार ताकत दिखाई

3 मिग-21 के विदाई समारोह में सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने प्रस्तुति दी

**खबर संक्षेप**

### आतंकियों के मैसेजिंग एप पर हो एक्शन: शाह



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत में आतंकवादी तत्वों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे और कम चर्चित मोबाइल एप्लिकेशन को रोकने के लिए एक्शन लेने को कहा है। उन्होंने साइबर और सूचना सुरक्षा विभाग को इस मुद्दे का विश्लेषण करने और ऐसे एप्स पर प्रतिबंध या और क्या एक्शन लिए जा सकते हैं उस पर सिफारिश देने को कहा है। शाह ने सीआईएस को इंटेलिजेंस ब्यूरो के साथ मिलकर आईबी के आतंकवाद-रोधी ग्रिड, मल्टी-एजेंसी सेंटर (मैक) की तर्ज पर एक मल्टी-एजेंसी प्लेटफॉर्म बनाने के लिए भी कहा। एक अधिकारी ने कहा कि कई मामलों में एनआईए ने पाया है कि विदेशी आरोपी नए-नए तरीके अपनाते हैं। इसमें धन और हथियारों का ट्रांसपोर्टेशन ऐसे तरीकों से किया जाता है जिनसे सोर्स छिपाए जाते हैं। वे और उनके साथी संपर्क में रहने और पकड़े जाने से बचने के लिए सुरक्षित संचार माध्यमों-इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप, जेंगी, स्नैपचैट और बीआईपी ऐप्स का इस्तेमाल करते थे। ये सभी एनक्रिप्टेड हैं और इनके सर्वर भारत के बाहर हैं।

### फिलीपींस में आया तूफान, 4 की मौत



**मनीला।** फिलीपींस में एक और उष्णकटिबंधीय तूफान 'बुआलोई' ने दस्तक दी, जिससे अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है और 4.33 लाख से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। तूफान ने बिजली गुल कर दी, बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति पैदा कर दी, जबकि पहले आए तूफान 'रगासा' से 25 लोगों की जान गई थी। सरकारी एजेंसियां राहत कार्य में जुटी हैं। तूफान बुआलोई लगभग 110 किमी प्रति घंटा की हवाओं के साथ पहुंचा।

### स्लोवेनिया ने नेतन्याहू के प्रवेश पर लगाई रोक



**ब्रातीस्लावा।** 20 लाख की आबादी वाले देश स्लोवेनिया ने इजराइल पीएम नेतन्याहू के देश में प्रवेश पर रोक लगा दी है। इसके लिए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट का हवाला दिया गया है। विदेश मंत्रालय की अधिकारी नेवा ग्रासिक ने कहा कि यह फैसला इस बात को दर्शाने के लिए लिया गया है कि स्लोवेनिया अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थन करता है।

## भारत-यूएस में जल्द होगी डील

# लाभकारी समझौते को जल्द ही देंगे अंतिम रूप, दोनों वार्ता जारी रखेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सरकार के अधिकारियों के साथ समझौते के संभावित स्वरूप को लेकर रचनात्मक बातचीत की। मंत्रालय ने कहा कि दोनों पक्षों ने समझौते की संभावित रूपरेखा पर विचारों का आदान-प्रदान किया और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए बातचीत जारी रखने का निर्णय लिया गया।



### निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की। इन बैठकों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली और कारोबारियों ने भारत में अपनी कारोबारी गतिविधियों को बढ़ाने की इच्छा प्रकट की।

### इटली ने एफटीए का किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के सत्र के दौरान इटली के डिप्टी पीएम और विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की। ताजानी ने भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के लिए इटली के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। ताजानी ने इस मुलाकात को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि वह आने वाले महीनों में भारत का दौरा करेंगे।

## पाक की किरकिरी: शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले ट्रंप व्यस्त

# 30 मिनट तक इंतजार कराया, कोई फोटो और वीडियो भी जारी नहीं किया

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रंप ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रंप प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रंप कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रंप का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रंप और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है।



### अमेरिका ने कराया सीजफायर: पाक

पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के साथ युद्धविराम कराने में अमेरिका ने मदद की थी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में यह बात सामने आई। पाकिस्तान ने ट्रंप के नेतृत्व की सराहना की और उन्हें पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया। पाकिस्तान के पीएम कार्यालय के मुताबिक, इस बैठक में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो शामिल थे। पाकिस्तानी पीएमओ ने दावा किया कि बैठक अच्छे माहौल में हुई, लेकिन यह आधे घंटे की देरी शुरू हुई और इसे प्रेस के लिए नहीं खोला गया था। पीएम कार्यालय ने देरी की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से कई कार्यकारी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करना बताया।

## ट्रंप के सहयोगी हंगरी के पीएम बोले

# रूसी तेल का इस्तेमाल बंद करने से हमारी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी

एजेंसी ▶▶ बुडापेस्ट



हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए 'विनाशकारी' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने कहा कि मैंने ट्रंप से कहा है कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी। ओर्बन ने कहा कि ऊर्जा नीति के मामले में हंगरी केवल अपने हित को प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट है कि हंगरी के हित में क्या है और हम उसी के अनुसार कार्य करेंगे।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

**DD.NO. 19 दिनांक 25.09.2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।**

**नाश की पहचान**

नाम- नामालुम
पिता का नाम
नामालुम
पता - नामालुम ।
उम्र-25-30 वर्ष लगभग ।
कद-5 फुट 5 ईन्च लगभग ।
हुलियाः रंग गेंहुआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा काले बाल, आंखे बंद, नाक में सोने का कोका, नाक व मुंह से खुन निकला हआ।
पहनावा नीले रंग की कालर वाली टी-शर्ट व सफेद जीन्स पहने हुए। पैंट की जैब पर ZARMAN व लाल रंग का Z का मार्क जिसके बीच ZARA का लेबल लगा हुआ है, दाहिने हाथ में कड़ा जिसके ऊपर जय श्री श्याम लिखा हुआ है व N.S का टैटू बना हुआ हैं।



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.09.2025 को एक नाम पता नामालुम नाश ड्रेन नम्बर 8 गोहाना से जीन्द बाईपास रोड़ गांव महमूदपुर की सीमा से मिली है। नाश को शिनाख्त हेतू अस्पताल भगत फूल सिंह खानपुर कलां में 72 घटों के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर किसी को इस बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो॰ न0-7419410545
अनुसंधानकर्ता स. उ. नि. राजबाला 770/सोनीपत मो0 न0-9416775472
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3953/2026/39065/88/7 दि. 26.09.2025



## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में किमी. 0.00 से 1.80 में बरवाला में बरवाला अग्रोहा रोड से गऊशाला तक रेलवे चारदीवारी तक नए रोड का निर्माण (माननीय पीडब्ल्यूएम, हरियाणा द्वारा इच्छित अनुसार) (जीएसटी के बिना) | 24.09.2025 03.10.2025 | 219.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में किमी. 0.00 से 9.77 में रोड को चौड़ा करने/मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एप रोड से ढाड से बाधावर से जींद बरवाला रोड तक रोड का सुधार (रोड आईडी 5112,11531 और 5113) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (जीएसटी के बिना) | 24.09.2025 08.10.2025 | 977.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में पालडी से रोहट तक आरडी 0 से 21200 तक रोड आईडी 12087 के सेंट्रल बर्ज की मरम्मत और आरओबी पर मेस्टिक, नए एनएच 334बी फ्लाईओवर से बहालगढ़ तक पुराना एनएन-334 बी पार्ट की फोर लेनिंग, का प्रावधान, चौड़ा करना और मजबूतीकरण (क्र.सं. 17 पर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (मॉडल रोड) | 20.09.2025 13.10.2025 | 1653.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण, रोहतक | गांव आसन, ब्लॉक व जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन मिट्टी का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक एएस-1 से एएस-07) | 20.09.2025 29.09.2025 | 370.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव गुजरानी, ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 68.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव प्रेमनगर, ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 122.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सिवाना, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 224.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सिवारा, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 246.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सुखपुरा/मुंढाल कला और मुंढाल खुर्द छोड़े गए क्षेत्र, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 135.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव टिगरी/टिगराना ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 03.10.2025 | 63.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव ईशापुर खेड़ी ब्लॉक मुंडलाना जिला सोनीपत में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से वाटर लॉग्ड एरिया और सलाइन का रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 01.10.2025 | 120.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव बरोदा मोर ब्लॉक मुंडलाना जिला सोनीपत में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से वाटर लॉग्ड एरिया और सलाइन का रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 01.10.2025 | 172.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, टोहाना | आरडी 8500-10500 भाखरा मेन ब्रांच की रिमोडलिंग/रिलाइनिंग के लिए आकलन +32 कार्य | बंद होने की तिथि 30.09.2025 | 5934.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416532422 hid.eewstohana@yahoo.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | विविध मदों की आपूर्ति | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 8.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 15 | अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग और अंत्योदय का सशक्तिकरण का सामाजिक न्याय, कल्याण, सशक्तिकरण (एसईडब्ल्यूए) विभाग रोहतक | मानसिक विकलांग बच्चों हेतु अर्पण संस्थान, रोहतक/मानसिक तौर पर चुनौतीपूर्ण व्यस्क व्यक्तियों के पुर्नवास हेतु श्रवण केंद्र, रोहतक के लिए मैस निविदा | 27.09.2025 06.10.2025 | ईएमडी 50000/- | www.shravanorg.com | 8307434351 dsworoh@hry.nic.in |
| 16 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) समेत विद्युत, अग्निशमन सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए ई-निविदा के संबंध में | 01.10.2025 16.10.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 17 | सिविल सर्जन, कैथल | एनसीडी गैर संचार योग्य रोगों कार्यक्रम के तहत औषधि और कंजुमेबल्स | 27.09.2025 04.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज, बाढ़ड़ा | गांव जीतपुरा ब्लॉक बाढ़ड़ा में स्टेडियम की चार दीवारी का निर्माण + 3 कार्य | 24.09.2025 30.09.2025 | 51.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सी/ब्लॉक, मुल्तानी कॉलोनी, पुराना हाउसिंग बोर्ड और इंद्रपुरी मौहल्ला में प्राइवेट सीवर क्लीनिंग जेटिंग कम सक्शन मशीन (2200 पीएसआई) द्वारा विभिन्न आकारों में मैनहॉल चैंबर्स और सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे संबद्ध व अन्य सभी कार्य | 24.09.2025 30.09.2025 | 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 20 | महिला एवं बाल विकास, यमुनानगर | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति इत्यादि का परिवहन कार्य। | 25.09.2025 09.10.2025 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467470011 miksha12@gmail.com |
| 21 | सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग हेतु सचिवालय, हरियाणा (सीआरआइडी) | न्यू हरियाणा सचिवालय, सेक्टर-17 चंडीगढ़ के लिए सेंट्रल पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू एस) के माध्यम से सर्वर, स्टोरेज और आइटी संबंधित उपकरणों के अपग्रेडेशन के लिए अधिप्राप्ति | 19.09.2025 04.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/420/39100/I/88/7 दि. 26.09.25

## चिंतन

# टैरिफ के बादशाह के रूप में याद किए जाएंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल इतिहास में अलग तरह से याद किया जाएगा, जिसमें दुनिया की उथल-पुथल होगी ही साथ में अमेरिका के विश्व बिरादरी से संबंधों को भी अलग तरह से परिभाषित किया जाएगा। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर जो विचित्र काम कर रहे हैं, उससे न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया हैरान है। वो कभी चीन, कभी भारत तो कभी यूरोप पर लाल-पीले हो रहे हैं। रूस, ईरान और फिलीस्तीन तो युद्ध के चलते लगातार निशाने पर हैं ही। ट्रंप कुछ दिनों पहले तक यूक्रेनी राष्ट्रपति पर लाल-पीले हो रहे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मित्र बता रहे थे, लेकिन जब यूक्रेन से खनिज दोहन पर समझौता हो गया तो वे फिर से पुतिन को कोसने लगे। अब बात भारत को ही लें। 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक ऐसे काम कर रहे हैं, जो भारत के खिलाफ हैं। एक तरफ तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं वहीं दूसरी तरफ भारत पर दबाव बनाने-बनाते ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। पाकिस्तानी जनरल सैयद आसिम मुनीर अहमद शाह को लंच करवाने के बाद अब एक बार फिर ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुनीर के साथ बैठक की है। ट्रंप के साथ इस मुलाकात में विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद रहे। ओवल ऑफिस की यह मुलाकात बंद दरवाजों के भीतर हुई थी और इसमें प्रेस को जाने की मनाही थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाम 5 बजे से कुछ पहले व्हाइट हाउस में पहुंचे थे और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल 6:18 बजे बाहर गया। यह बैठक अमेरिका और पाकिस्तान के बीच जुलाई में हुए व्यापार सौदे के बाद हुई है। हालांकि बैठक को लेकर दोनों ओर से कुछ भी नहीं कहा गया है, लेकिन इशारा साफ है कि ट्रंप भारत पर दबाव बनाने के लिए पाक को तवज्जो दे रहा है। दुनिया के टैरिफ तानाशाह बने ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ का आर्थिक बम फोड़ा, दूसरी ओर लगातार वह झूठ बोलते रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया है। जबकि युद्ध विराम में तीसरा पक्ष था ही नहीं। ट्रंप का पाक प्रेम आतंक के ढांचों को नई ताकत दे रहा है। एक बार फिर अमेरिका की 1970 के दौर की नीति पुनरावृत्ति हो रही है, जिसमें भारत को अलग-थलग करो, पाकिस्तान से दोस्ती गांठो और शांति बहाली का बहाना करो। लेकिन आज का भारत दब्बू देश नहीं, आत्मनिर्भर है। अब हम 3.9 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, दुनिया का सबसे विशाल लोकतंत्र है और साउथ की आधारशिला है। भारत के 1.4 ट्रिलियन डॉलर का बाजार और ग्लोबल साउथ का नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ वार के निशाने पर है। हमारा 2047 में विकसित भारत का संकल्प स्वायत्तता मांगता है, अधीनता नहीं। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ विकासशील देशों को क्षेत्रीय गठबंधनों की ओर ले जाएंगे। भारतीय फार्मास्युटिकल्स और कपड़े एशिया व यूरोप का रुख कर रहे हैं। भारत के नेतृत्व में ब्रिक्स देश वर्चस्ववाद के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, जो अमेरिका के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। एच-1बी वीजा पर भारी टैक्स लगाने के बाद अब ट्रंप ने फार्मा उत्पादों के आयात पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। भारत अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 45 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक और 15 प्रतिशत बायोसिमिलर दवाओं की आपूर्ति करता है, लेकिन भारत पर इसका खास असर नहीं होने वाला है। इसका असर होगा तो अमेरिका को होगा जहां इलाज महंगा होने वाला है।

## सारा संसार



केरल के कासरगोड में मधुवाहिनी नदी के तट पर स्थित मधुर महागणपति मंदिर भारत का एक और प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो भक्तों के बीच आस्था का केंद्र होने के साथ साथ अपनी स्थापत्य सुंदरता और ऐतिहासिक संरचना के लिए भी जाना जाता है। इस प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में कुंबला के मायपदी राजाओं द्वारा करवाया गया था। भगवान गणेश की मूर्ति की विशिष्टता इसे लोकप्रिय बनाती है।

व्यवहार
योगेंद्र माथुर



# समाज में बढ़ता अमर्यादित आचरण का संक्रमण

अमर्यादित आचरण-व्यवहार हमारे आधुनिक जीवन की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह से रात्रि तक की दिनचर्या में परिवार-कुल की पीढ़ियों के संस्कार बहुत पीछे छूटते दिखाई देने लगे हैं। दिनभर की शुभता के लिए सुबह जागते ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मीः, कर मध्ये सरस्वती, कर मुले तू गोविंदम, प्रभाते कर दर्शनम।' बीज मंत्र के साथ हथेलियों के प्रथम दर्शन करने की सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण दार्शनिक व्यवस्था या परम्परा के स्थान पर आधुनिक जीवन की दिनचर्या का आरंभ 'मोबाइल दर्शन' के साथ 'हैलो-हाय' से हो रहा है। मोबाइल संस्कृति में पोषित-पल्लवित व कथित 'स्टेटस मेंटेन' करने की अंधी होड़ में लगे नवकुबेर या धनाढ्य वर्ग के लोगों सहित पाश्चात्य जीवन शैली को पसंद करने वाले प्रायः अन्य सभी वर्गों के लोगों को पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने, सोने-जागने से लेकर उठने-बैठने, कहीं आने-जाने, कुछ भी खरीदने-बेचने और चाहे जैसा या कुछ भी बोलने तक के तौर-तरीकों में कोई रोक-टोक या बंधन स्वीकार नहीं है। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना ये लोग जानते नहीं, कहीं भी लाइन तोड़कर बीच में घुसना विशेषाधिकार समझा जाता हैं। रिश्तों की गरिमा दिन-ब-दिन क्षीण होती नजर आ रही है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान ताक पर रखा गया लगता है। अनाचार, व्याभिचार तेजी से बढ़ता दिख रहा है। परिधान कितना ही अश्लील या भद्दा लगे, 'हमे जो अच्छा लगेगा वहीं पहनेंगे, आपकी मर्जी का थोड़े ही पहनेंगे।' सभ्यता, शिष्टाचार केवल शब्दकोश के शब्द तक सीमित रह गए लगते हैं। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के रंग में रंगी हमारी किशोर व युवा पीढ़ी में यह निरंकुशता अधिक दिखाई देती है। पब बार या कॉकटेल पार्टियों से देर रात घर लौटने और सुबह देर तक सोई रहने वाली आधुनिक युवा पीढ़ी सहित अमर्यादित जीवन जीने व असभ्य आचरण-व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले लोग अपने जीवन के साथ साथ परिवार, समाज व राष्ट्र तक के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। महानगरों से आरंभ हुई यह कुसंस्कृति मध्यम श्रेणी के शहरों से होती हुई अब कस्बेनुमा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक को संक्रमित कर रही है। ऐसा भी नहीं कि समूचे समाज या राष्ट्र में मर्यादा या संस्कारों का सूखा पड़ गया है। सभ्य, सुशिक्षित, संस्कारित व भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने वाले लोग भी हैं जो भारतीय संस्कृति की सुगंध समूची दुनिया में फैलाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा वह वर्ग भी है जो बड़े सपने देख रहा है और उन्हें कार्यरूप में परिणित कर नित नई उपलब्धियों के साथ सफलता के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अपनी शिक्षा, कार्य व संस्कार के माध्यम से देश सेवा में जुटे ऐसे ही लोगों के दम पर भारत विकास के नए आयाम छू रहा है और 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज व राष्ट्र की कड़वी सच्चाई यह है कि स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता व उच्छृंखलता अधिक बढ़ती दिख रही है। स्वस्थ व सुंदर समाज के निर्माण के मान से यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



हिंसक प्रदर्शन
राजेश माहेश्वरी

# लद्दाख की शांति बिगाड़ने की कोशिश

केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन जी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

लेह-लद्दाख जैसे शांत क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भड़काऊ नारे। अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया। लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है।

लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्र शासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगानी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है। बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख में एक विख्यात चेहरा हैं। वह अभियंता, नवाचारी और शिक्षा सुधारक हैं और जलवायु परिवर्तन पर भी उनके खास सरोकार हैं। असल में इन विरोध प्रदर्शनों ने वांगचुक को एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उभारा है, और कई लोग इस अनशन को उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं। हालांकि, राजनीति उनके लिए नई नहीं है। वांगचुक के पिता सोनम वांग्याल एक राजनेता थे और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री रह चुके थे। उनके भाई पी वांग्याल भी एक राजनेता हैं और लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उपद्रव के बाद के हालातों को तेजी से समझते हुए उन्होंने अनशन भी तोड़ा और शांति की अपील भी की। लेकिन केंद्र सरकार की तिरछी नजर वांगचुक पर पड़ चुकी है। उनके राजनीतिक इरादे और षड्यंत्र धीरे-धीरे खुलने लगे हैं। केंद्र सरकार ने उनकी संस्था को विदेशी चंदा लेने पर रोक लगा दी है। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरे मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाया गया,



तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्टूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिए इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिए आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने पर बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिए छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। असल सवाल यह है कि जो जायज मांगें हैं, सरकार को उन्हें मानना चाहिए। लेकिन अपनी मांगें मनवाने के लिए हिंसक हो जाना, आगजनी करने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतंत्र में जिनका विश्वास है, वो हिंसा से दूर रहते हैं। इसका मतलब है कि लद्दाख की हिंसा सोची-समझी साजिश का नतीजा है। जांच एजेंसियों को इस हिंसा के पीछे चेहरों और नामों का खुलासा देशवासियों के समक्ष करना चाहिए। ताकि देश को सच्चाई का पता चलना चाहिए कि वो कौन लोग हैं जो अपनी राजनीतिक रोटियां या स्वार्थ पूरा करने के लिए युवाओं के कंधों का सहारा ले रहे हैं। सवाल है कि 'जेन ज़ी' की तर्ज पर छेड़े गए आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? भारत नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

# बहरूपियों से हमेशा सतर्क एवं सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। - **विकास शर्मा**, राजनांदगांव

## ट्रेंड

### मां दुर्गा की पूजा



नवरात्रि के दौरान, पश्चिम बंगाल एक विशेष ऊर्जा और आनंद से भरपूर होता है। आज कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उनकी कृपा से सभी का कल्याण हो।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### मिग-21



भारत की सुरक्षा यात्रा में मिग -21 एक सारथी की तरह हमेशा हमारे साथ रहा। आने वाले समय में दुनिया कहेगी कि भारत वही देश है जिसने मिग -21 से शुरुआत की और आज फ्यूचर टेक्नॉलजी में विश्व का लीडर बना।

**-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### पेपर लीक



देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। बीजेपी ने चोरी से लाखों युवाओं की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।

**-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### लखपति दीदी अभियान



मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती दी है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान, बैंक दीदी अभियान... ये सब भी आपके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बना रहे हैं।

**-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

## करंट अफेयर

# हंगरी, रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा: पीएम



हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने सरकारी रेडियो को दिए एक बयान में कहा कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। ओर्बन ने कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा ... कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी... इसका मतलब है कि हंगरी की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।"

## ऑफ बीट

# जानवरों के लिए अस्तित्व की लड़ाई में रंग बड़ा हथियार



जानवरों की दुनिया अविश्वसनीय रूप से रंगीन है और रंग अस्तित्व के लिए लगातार जारी संघर्ष में अहम हथियार साबित होते हैं। ज्यादातर जानवर शिकारियों से बचने के लिए छलावरण का सहारा लेते हैं। वहीं, कुछ जानवर गहरे और चमकीले रंग दिखाकर संभावित शिकारियों को आगाह करते हैं कि वे उनके लिए उपयुक्त शिकार नहीं हैं। शिकारियों को आगाह करने की यह रणनीति "एपोसेमेटिज्म" या चेतावनी रंगीकरण कहलाती है। हालांकि, "एपोसेमेटिज्म" छलावरण से कम प्रचलित है, लेकिन पर्यावरणीय दबावों के कारण तितलियों, भृंगों, कीड़ों, समुद्री स्लग, जहरीले मेंढकों और यहां तक कि पक्षियों ने भी स्वतंत्र रूप से इस रणनीति को अपना लिया है। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि जानवरों की विभिन्न नस्लें इनमें से किसी एक रणनीति का इस्तेमाल क्यों करती हैं। क्या इनमें से कोई एक रणनीति आमतौर पर ज्यादा सफल होती है? किन विशिष्ट परिस्थितियों में एक रणनीति दूसरी रणनीति से बेहतर साबित होती है? 'साइंस' पत्रिमा में शुक्रवार को प्रकाशित हमारा नया अध्ययन इन सवालों के जवाब देने की कोशिश करता है।

**अपने विचार**
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

# मामला उत्तराखंड काः चुनाव आयोग पर चला सुप्रीम कोर्ट का डंडा, लगाया 2 लाख जुर्माना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मामला है उत्तराखंड के स्थानीय निकाय चुनावों में ऐसे प्रत्याशियों के नाम ख़ारिज करने का जिनके नाम दो जगह की मतदाता सूची में अंकित है। चुनाव आयोग के तय प्रावधानों के हिसाब से ऐसे प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द होनी चाहिए। लेकिन शिकायतों के बाद भी जब उस पर स्थानीय इलेक्शन सीईओ ने कार्रवाई नहीं की तो मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के नियमों की व्याख्या करते हुए इस बात के लिए कड़ी फटकार लगाई कि पावधानों की गलत व्याख्या की जा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने उत्तराखंड राज्य चुनाव आयोग पर 2 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। यह फैसला उस विवादित स्पष्टिकरण के खिलाफ है, जिसमें आयोग ने कहा था कि यदि किसी व्यक्ति का नाम दो अलग-अलग मतदाता सूची में दर्ज हो, तो वह नामांकन को खारिज करने का कारण नहीं बनता। इस फैसले ने चुनाव प्रक्रिया, मतदाता सूची की विश्वसनीयता और विधिक सीमाओं पर बहस को तूल दे दिया है।

### ये है मामला

राज्य चुनाव आयोग ने एक लिखित स्पष्टीकरण जारी किया कि यदि किसी दावेदार का नाम दो मतदाता सूचियों (पंचायत, नगरपालिका, विधानसभा क्षेत्र आदि) में हो, तो उसे नामांकन की प्रक्रिया से बाहर नहीं किया जाना चाहिए। विरोध में, याचिकाकर्ता ने यह दलील दी कि उत्तराखंड पंचायती राज अधिनियम, 2016 की धारा 9(6) और 9(7) स्पष्ट हैं — एक मतदाता को दो मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अनुमति नहीं है। उच्च न्यायालय ने प्रारंभ में आयोग के स्पष्टीकरण पर स्थगन का आदेश दिया। आयोग ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन आज की सुनवाई में उसे शिकस्त मिली।
सुप्रीम कोर्ट ने इस स्थिति को स्वीकार नहीं किया और कहा कि एक प्रशासनिक स्पष्टीकरण विधि की स्पष्ट धाराओं को पार नहीं कर सकता। यदि कानून साफ कहता है कि दो मतदाता सूची में नाम नहीं हो सकता, तो उसका उलट स्पष्टिकरण कानून को दरकिनार नहीं कर सकता।इसलिए अदालत ने आयोग पर 2 लाख रुपये का जुर्माना लगाया और उसे स्पष्ट निर्देश दिया कि भविष्य में ऐसी अव्यवस्थित व्याख्याएँ दिए जाने से पहले विधि का पुनरीक्षण करें।



### दलीलें और कोर्ट के कड़े निर्देश

**याचिकाकर्ता / पक्ष वकीलः** चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता इस बात से सुनिश्चित होती है कि मतदाता सूची में कोई अनियमितता न हो। यदि कोई व्यक्ति दो अलग-अलग मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकता है, तो यह वोट चोरी या अराजकता की स्थिति उत्पन्न कर सकता है। हम अधिनियम की स्पष्ट भाषा और उद्देश्य की बात कर रहे हैं, जिसे प्रशासनिक स्पष्टीकरण छुपा नहीं सकता।"
आयोग / प्रतिरक्षा पक्ष वकीलः "हमारा स्पष्टिकरण अतिशयोक्ति नहीं, बल्कि व्याख्या है ताकि नामांकन प्रक्रिया में तकनीकी अड़चनें न हों। यदि निर्वाचन प्रक्रिया में नामांकन खारिज किया जाए तो यह उम्मीदवार को मूल रूप से न्याय से वंचित करना होगा।"
**न्यायालय (खण्डपीठ):** आप किस तरह से विधान की स्पष्ट भाषा को पीछे छोड़कर प्रशासनिक स्पष्टीकरण को आधार बना सकते हैं? यदि विधि कहती है एक मतदाता एक ही सूची में होना चाहिए, तो उसका उलटा आदेश देना संवैधानिक विधि की अवमानना है।

## खबर संक्षेप

### राजस्थान में थानों में लगे कैमरे, जानकारी दें



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राजस्थान सरकार से राज्य के पुलिस थानों में कितने सीसीटीवी कैमरे लगाए गए उनकी उनकी स्थिति की जानकारी देने को कहा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पुलिस थानों में सीसीटीवी की कमी के मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए यह आदेश पारित किया। सभी जगह लगाने हैं।

### ओजी की रिलीज से पहले कल्याण बीमार



**मुंबई।** तेलुगू स्टार और आंध्र प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री पवन कल्याण कथित तौर पर बीमार हो गए हैं। पवन को पिछले दो दिनों से तेज बुखार है। वे अपकमिंग फिल्म ओजी की रिलीज से ठीक एक दिन पहले बीमार हो गए हैं। कल्याण सोमवार को विधानसभा सत्र में शामिल हुए थे और उसके बाद रात में उनकी तबीयत बिगड़ी, तेज बुखार था।

## कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह

# यह पर्व बंगाल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए 2026 चुनाव के बाद 'सोनार बांग्ला' बनेगा

गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता के मशहूर संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बंगाल और देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता के मशहूर संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बंगाल और देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नौ दिनों तक चलने वाला शक्ति की उपासना का यह पर्व आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया है। साथ ही उन्होंने इस दौरान मां दुर्गा से प्रार्थना की कि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में ऐसी सरकार बने, जो राज्य को फिर से 'सोनार बांग्ला' (स्वर्णिम बंगाल) बना सके। गृह मंत्री ने कहा कि नवरात्रि और दुर्गा पूजा अब सिर्फ बंगाल और भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बंगाल की ये महान परंपरा अब वैश्विक पहचान बन चुकी है। पूरे नौ दिन राज्य में शक्ति की उपासना होती है। उन्होंने कामना की कि यह पर्व बंगाल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए और राज्य के विकास के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार किया जा सके।

### राज्य के विकास के जरिए प्रधानमंत्री का 'विकसित भारत' सपना साकार होगा

### बारिश से हुई मौतों पर जताया दुख

इस दौरान शाह ने दुर्गा पूजा की शुरुआत में हुई भारी बारिश और हादसों पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि त्योहार की शुरुआत एक दुखद घटना से हुई, जहां 10 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मैं उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। गौरतलब है कि 23 सितंबर को कोलकाता और आसपास के इलाकों में मूसलधार बारिश से कम से कम 11 लोगों की मौत हुई थी।



### विद्यासागर को श्रद्धांजलि

इसके सात ही इस मौके पर शाह ने महान समाज सुधारक और शिक्षाविद ईश्वरचंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यासागर जी ने बंगाल ही नहीं, पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया, खासकर महिलाओं की शिक्षा के लिए। उन्होंने अपना जीवन बंगाली भाषा और संस्कृति के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही अमित शाह ने सॉल्ट लेक स्थित ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) में भाजपा समर्थित पश्चिम बंगा संस्कृति मंच के दुर्गा पूजा पंडाल का भी उद्घाटन किया।

### विशेष रणनीति के साथ बिहार पहुंचे शाह

## विधानसभा की 68 सीटों पर भाजपा की नजर

पटना। बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही अभी न हुआ हो, लेकिन पूरे राज्य में चुनावी माहौल साफ दिखाई देने लगा है। बड़े-बड़े नेताओं की रैलियां और दौरे शुरू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। ये दौरा इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि चुनाव से पहले पार्टी अपनी रणनीति को मजबूत करने और पिछली कमियों को दूर करने पर जोर दे रही है। शनिवारको शाह समस्तीपुर के सरायरंजन और अररिया के फारबिसगंज जाएंगे। यहां भी वे कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। इनका मकसद साफ है- चुनावी तैयारी को धार देना और उन इलाकों पर ध्यान दो जहां पार्टी पिछली बार कमजोर साबित हुई थी।

### जीत के करीब पहुंच कर हार

- *लगभग 68 सीटों पर भाजपा दूसरे स्थान पर रही*
- *पार्टी लगभग 5 सीटों पर 500 वोट से भी कम अंतर से हारी*
- *11 सीटों पर हार का अंतर 1000 वोट से कम रहा*
- *करीब 45 सीटें 5000 वोट से भी कम अंतर से हारी*



**इसलिए यह दौरा अहम**
शाह का यह दौरा अहम माना जा रहा है। वे कार्यकर्ताओं को जोश भरेंगे। इसके साथ ही अगले चुनाव में जीत उन्हीं सीटों से तय होगी, जहां पिछली बार हार बहुत मामूली अंतर से हुई थी।

### चर्चा का ये होगा मुख्य मुद्दा

बैठकों में उन सीटों पर मंथन हो रहा है, जहां भाजपा दूसरी पोजीशन पर रही थी। 2020 के नतीजों पर नजर डालें तो भाजपा कई जगह मजबूत प्रदर्शन करने के बावजूद जीत से दूर रह गई। 243 सीटों में से लगभग 68 सीटों पर भाजपा दूसरे स्थान पर रही। सबसे ज्यादा सीटें सीमांचल इलाके में थीं, जिसमें अररिया, किशनगंज, पूर्णिया हैं।

## पीएम ने लॉन्च की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना

# महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार कई सारी योजनाओं को चलाती है और समय-समय पर कई लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं को लॉन्च भी करती है। शुक्रवारन को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लॉन्च किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला रोजगार योजना को लॉन्च करने के साथ ही महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की है। बताया जा रहा है कि 75 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी गई है। इस पैसे को डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लॉन्च किया है। इस योजना का लाभ बिहार की महिलाओं को मिलेगा। ऐसे में अगर आप भी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, तो आप यहां इस योजना के बारे में विस्तार से जान सकते हैं। लाभ लेने की शर्तें और विधियां भी बताई है।

**आवेदन के लिए चाहिए ये दस्तावेज**

आधार कार्ड
बैंक पासबुक
पैन कार्ड
पासपोर्ट साइज फोटो आदि

### व्यवसाय की 6 महीने बाद समीक्षा होगी फिर मिलेंगे 2 लाख लोन

अगर आप बतौर महिला अपना खुद का रोजगार शुरू करना चाहती हैं, तो इस योजना को तहत आपको 10 हजार रुपएकी आर्थिक मदद दी जाएगी। शुरू किए गए व्यवसाय की 6 महीने बाद समीक्षा होगी और फिर इसके बाद 2 लाख रुपए का अतिरिक्त लोन भी दिया जाएगा। अगर आप भी बतौर महिला इस महिला रोजगार योजना से जुड़ना चाहती हैं, तो आपको अपने ग्राम संगठन या जीविका समूह से संपर्क करना होगा। यहां से आप आवेदन कर इस महिला रोजगार योजना से जुड़ सकती हैं।

### छोटा व्यवसाय शुरू करने में मददगार

अगर आप ये सोच रहे हैं कि इस मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को क्यों लॉन्च किया गया है, तो ऐसा इसलिए किया गया है ताकि इस योजना का लाभ मिलने के बाद महिलाओं को अपना छोटा व्यवसाय शुरू करने में मदद मिल सके। बिहार सरकार इस योजना के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भरता बनाना उद्धेश्य है। साथ ही इस योजना का लाभ मिलने से महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में सुधार आएगा।

# बाढ़ प्रभावित राज्यों के किसानों के लिए पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की

### हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड तीनों राज्यों के 27 लाख से अधिक किसानों को 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित

हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की। यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के उन किसानों के लिए प्राथमिकता के आधार पर है, जो हाल ही में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के कृषि मंत्री, सांसद, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी, साथ ही किसान समूहों के प्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

तीनों राज्यों ने हाल ही में भीषण बाढ़, भूस्खलन और फसल की व्यापक क्षति का सामना किया है, जिससे किसान परिवारों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा है। इस संदर्भ में शुक्रवार को जारी पीएम-किसान योजना और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। तीनों राज्यों के लगभग 2.7 लाख महिला किसानों सहित 27 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में कुल 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे हस्तांतरित की गई है। इस सहायता का उद्देश्य हाल की आपदाओं से उबरने के लिए किसानों को समय पर राहत प्रदान करना है।

कार्यक्रम के दौरान शिवराज सिंह चौहान ने हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़े रहने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 2,000 रुपये की किस्त से किसानों को अपनी तत्काल घरेलू जरूरतें पूरी करने, अगले बुवाई सीजन के लिए बीज और उर्वरक खरीदने और खेती फिर से शुरू करने का आत्मविश्वास हासिल करने में मदद मिलेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि वित्तीय सहायता के अलावा यह किस्त इस बात का आश्वासन भी है कि सरकार हर किसान की परवाह करती है और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में उनके संघर्ष में कोई भी पीछे नहीं छूटेगा।

## जल शक्ति मंत्री पाटिल ने छठे नदी उत्सव का किया उद्घाटन

### 3 स्तरों पर किया जा रहा काम

# नदियों के संरक्षण में लोगों की सामूहिक जिम्मेदारी की जरूरत पर दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में छठे नदी उत्सव का उद्घाटन किया। पाटिल ने समुदायों को बनाए रखने और देश के सांस्कृतिक लोकाचार को आकार देने में नदियों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए नदियों के संरक्षण में सामूहिक जिम्मेदारी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे सुंदर नदी गंगा, भारत में बहती है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी नदियों को प्रदूषित न करें। नदी संरक्षण की दिशा में 3 स्तरों-अल्पकालिक, मध्यम अवधि और दीर्घकालिक पर काम किया जा रहा है।

### बचाव के महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में, वाटर विज़न 2047 के माध्यम से महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं। पाटिल ने नदियों के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नदियां केवल संसाधन नहीं हैं, बल्कि हमारी भावनाओं और संस्कृति की धारा हैं।

### नदियों को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा

उन्होंने आगाह किया कि मानवीय हस्तक्षेप ने नदियों को भारी नुकसान पहुंचाया है और उनका संरक्षण एक साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नदी उत्सव के निरंतर आयोजन के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की भी सराहना की। इस दौरान इस्कॉन के आध्यात्मिक गुरु गौरांग दास, साध्वी विशुद्धानंद भारती ठाकुर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के अध्यक्ष रामबहादुर राय और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के सदस्य सचिव डॉ. सच्चिदानंद जोशी भी उपस्थित थे।

## गोवा में 'प्रयास' का अनावरण



एजेंसी ▶▶ पणजी

आयुष मंत्रालय ने अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान , गोवा में एक एकीकृत न्यूरो-पुनर्वास केंद्र 'प्रयास' का अनावरण किया। इस केंद्र का उद्घाटन 10वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर केंद्रीय आयुष मंत्रालय (स्वतंत्र प्रभार) एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री, प्रतापराव जाधव ने विद्युत एवं नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और एआईआईए गोवा के संकाय सदस्यों की उपस्थिति में किया।उन्होंने कहा, आयुष मंत्रालय ऐसे उत्कृष्टता केंद्रों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो

# एकीकृत पुनर्वास का एक मॉडल जीवन की गुणवत्ता को सुधारेगा

पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक चिकित्सा के साथ समन्वित करते हैं। 'प्रयास' एकीकृत पुनर्वास का एक मॉडल है, जो न केवल उपचार प्रदान करता है, रोगियों और उनके परिवारों के लिए जीवन की गुणवत्ता नवीन करता है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार, पुत्रः** श्री चमनलाल, **पताः** मकान नं. 28/63, कस्तूरबा नगर, शाहदरा, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 629/21 U/s 33 Excise Act, थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 629/21 U/s 33 Excise Act, थानाः विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाति शर्मा
मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
कमरा नं. 59 कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12921/SHD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय, पुत्रः सुभाष, पताः मकान संख्या 428, गली नंबर 8, झुग्गी कबाड़ी कॉलोनी, शारदानंद कॉलोनी, भलस्वा डेयरी, दिल्ली** ने **FIR No. 343/20, U/s: 457/380/34 IPC, पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अभियुक्त **दीपक उर्फ दीपू उर्फ अजय** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री स्वाति शर्मा
एल.डी. सीजेएम, शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/12917/SHD/2025


### बहुत जरूरी न हो तो यात्रा से बचने की सलाह, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

# छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार के लिए छत्तीसगढ़ समेत देश के कई राज्यों में भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग ने इन इलाकों में ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों को सतर्क रहने और जरूरी सावधानियां बरतने की अपील की है। मौसम विभाग के अनुसार, छत्तीसगढ़, विदर्भ, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में अगले 48 घंटों के दौरान तेज बारिश के साथ गरज-चमक और तेज हवाओं की संभावना है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की सक्रियता और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण यह मौसम प्रणाली सक्रिय हो रही है, जिसका असर मध्य भारत और पूर्वी राज्यों तक फैल रहा है।

**छत्तीसगढ़ के कई जिलों** — रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव और महासमुंद - में भारी वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर अति भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि इससे निचले इलाकों में जलभराव, छोटे नालों और नदियों में जलस्तर बढ़ने तथा परिवहन और बिजली आपूर्ति प्रभावित होने जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं।

विदर्भ और तटीय आंध्र प्रदेश में भी भारी बारिश के कारण खेतों में जलभराव और फसलों को नुकसान की संभावना व्यक्त की गई है। ओडिशा और तेलंगाना के कई जिलों में प्रशासन ने आपदा प्रबंधन दलों को अलर्ट पर रखा है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं।

मौसम विभाग ने लोगों को सलाह दी है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, खुली जगहों और बिजली के खंभों से दूर रहें, और बारिश के दौरान सुरक्षित स्थानों पर शरण लें। किसानों को खेतों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि फसलों को नुकसान न हो। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से प्रदेश के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है, जिससे सड़कों पर जलभराव और यातायात में रुकावटें देखी जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### जीके एनर्जी 12 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा से चलने वाले कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 153 रुपये से करीब 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 7.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 11.76 प्रतिशत चढ़कर 171 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन

### सात्विक ग्रीन एनर्जी की बाजार में धीमी शुरुआत

**नई दिल्ली।** सौर पैनल विनिर्माता कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर की शुक्रवार को बाजार में धीमी शुरुआत हुई। बीएसई पर शेयर 465 रुपये के निर्गम मूल्य से 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 460 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। फिसलकर 446.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर इसने 465 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर शुरुआत की।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 39.6 करोड़ डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। देश का स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर बढ़कर 92.77 अरब डॉलर हो गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ट्रंप ने अगले महीने से ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया

# दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से शेयर बाजार सहमा; सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक और निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। निफ्टी भी 236.15 अंक की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया।

#### सप्ताह में सेंसेक्स 3 फीसदी से अधिक टूटा

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जबकि निफ्टी 768.9 अंक यानी तीन प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

#### अमेरिका में दवा निर्माण संयंत्र होना जरूरी

*ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, /"एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित न कर रही हो।/" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा विनिर्माण का मतलब 'विनिर्माण कार्य शुरू होने या/और निर्माणाधीन' होने से होगा। इस तरह अगर अमेरिका में दवा विनिर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है तो उसके दवा उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।*

#### 3100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद

*व्यापक बिकवाली के दबाव में सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। दूरसंचार क्षेत्र में सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि केंद्रित आईटी खंड में 2.43 प्रतिशत, आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.34 प्रतिशत की सुस्ती रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,041 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे।*

#### इन शेयरों में रही गिरावट

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखा गया।



- बाजार में फार्मा और आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली
- सेंसेक्स के अलावा निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा

#### हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 फीसदी गिरा

दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद अधिकांश दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई और बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत गिर गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। लॉरस लैब्स, बायोकॉन, जाइडस लाइफ, ग्लेनमार्क, सन फार्मा और डॉ रेड्डीज के शेयरों में भी गिरावट आई।

#### निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"ब्रांडेड और पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली के कारण भारी गिरावट रही। इस अप्रत्याशित कदम ने पहले से ही कमजोर निवेशकों की धारणा को और खराब करने का काम किया।

#### वॉकहार्ट सबसे अधिक टूटा

बीएसई पर वॉकहार्ट लि. के शेयर 9.40 प्रतिशत टूटे। इसके अलावा, इंडोको रेमेडीज के शेयर 5.35 प्रतिशत, जाइडस लाइफसाइंसेज के 4.21 प्रतिशत, ग्लेनमार्क फार्मा के 2.99 प्रतिशत, नैटको फार्मा के 2.65 प्रतिशत, सन फार्मा के 2.55 प्रतिशत, ल्यूपिन के 2.07 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज के 1.73 प्रतिशत और ऑरोबिंदो फार्मा के शेयर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

## रूस से तेल खरीदने पर कोई प्रतिबंध नहीं : हरदीप पुरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई





- आपूर्ति बाधित होने पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बा कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

#### दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही

पुरी ने कहा, " ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते...। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।" राजनयिक से राजनेता बने पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 88.72 पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 (अस्थायी) पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण रुपये में यह सुधार आया।

## चांदी में 1,900 और सोने में 330 रुपये की तेजी



- चांदी बढ़कर 1.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर

नई दिल्ली। त्योहारों के दौरान स्टॉकिस्टों की भारी मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं, जबकि सोने में 330 रुपये की तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में तेजी आई और इसकी कीमत 330 रुपये बढ़कर 1,17,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 1,17,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछले सत्र में 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एसोसिएशन के अनुसार, मजबूत त्योहारी मांग और हाजिर बाजार में निवेशकों की मजबूत रुचि के कारण, बृहस्पतिवार को 1,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी ने अपना रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा।

## माँ भगवती के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा की पूजा अर्चना



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित प्राचीन शक्तिपीठ झण्डेवाला देवी मंदिर मे शारदीय नवरात्र के पांचवें दिन दिन माँ भगवती के चतुर्थ स्वरूप कुष्मांडा की पूजा अर्चना पूर्ण विधि-विधान के साथ की गई। माँ का यह स्वरूप भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करने वाला हैं मंदिर में 290 सी सी टी वी कैमरे लगाए गए हैं ताकि मंदिर में आने वाले असमाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके। कोई भी अप्रिय घटना न हो एवं व्यवस्था सुचारं रूप से चलती रहे इसका ध्यान रखा जाता है। मंदिर में बने कंट्रोल रूम के माध्यम से मंदिर के सुरक्षा विभाग के सेवादार व पुलिस कर्मी अपने अधिकारिओं के साथ प्रत्येक गति विधि पर नजर रखते हैं। प्रत्येक दिन झण्डेवाला देवी मंदिर के यू-टयूब चैनल, फेसबुक, वेबसाइट, एवं मंदिर की एप्लीकेशन द्वारा प्रातः 4.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक सभी कार्यकर्मों का सीधा प्रसारण किया जाता है। हर बार की भांति मंदिर के मेहंदी केंद्र से प्रशिक्षण ले रही कन्याओं द्वारा बहनों को प्रातः 10.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक मेहंदी लगाई जाती है।

**NOTICE**

I, Hariom Singh, S/o SH ROOP SINGH, resident of H.No. A-43, MAIN 20 FEET ROAD, MAIN CHOWK PRATAP NAGAR SABOLI DELHI 110094 declare that my name has been recorded in various documents and records as "Hariom Singh" as well as "Hariom Rana". Both the names, Hariom Singh and Hariom Rana, refer to me, and I am the same person. I request the School authorities of GREEN FIELDS PUBLIC SCHOOL to update and record my name as "Hariom Singh" in all relevant documents and records related to my child Naksh Rana, not limited to admission forms, school records, report cards, and any other relevant registers.

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I **Kanta Verma W/o Lt. Sh. Satish Kumar Verma alias S. K. Verma R/o Flat No.32, Pkt-A-4, Kalkaji, Extn, New Delhi**, am the owner of **DDA SFS CAT-II Flat No.32, Third Floor, Pkt-A-4, Kalkaji Extn, New Delhi**, lost/misplaced my **Original 5th and Final Demand Letter** of the above said flat. An FIR to this effect has been lodged in Police Station, vide **LR No.3244252/2025 dt. 26/09/2025** Any person claiming any right, interest having any objection may write/contact with above named person at above address/phone No.9899975355 within 15 days from the date of publication of this notice and can personally inform or write to Dy. Director(SFS) or Asstt, Director(SFS ) D-Block, Third Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

## बीकानेर मण्डल अब संरक्षित रेल संचालन हेतु करेगा उच्च तकनीक 'कवच' का उपयोग



- मंडल के 1775 किलोमीटर को 'कवच' करेगा कवर, लगभग 800 करोड़ रुपये की आएगी लागत

**नई दिल्ली।** बीकानेर रेल मंडल हमेशा संरक्षित रेल संचालन हेतु नवाचारों का उपयोग करता रहा है। इसी क्रम में बीकानेर रेल मंडल अब उच्च तकनीकी प्रणाली से युक्त 'कवच' का उपयोग करेगा। मंडल अब 1775 किलोमीटर रूट किलोमीटर पर लगभग 800 करोड़ रुपए की लागत से इस तकनीक का उपयोग करेगा। संरक्षित रेल संचालन में अत्याधुनिक और अपग्रेड सिगनल प्रणाली की अहम भूमिका है। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर रेल मंडल पर संरक्षा सुदृढ़ करने के लिए टक्कररोधी प्रणाली कवच प्रणाली का कार्य प्रगति पर है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के 5561 किलोमीटर रेल मार्ग में लगभग 2300 करोड़ रूपए की लागत के साथ स्वदेशी कवच प्रणाली का कार्य स्वीकृत है। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर मण्डल पर 1775 किलोमीटर रेल मार्ग पर कवच प्रणाली स्थापित करने के कार्य को लगभग 800 करोड़ रूपए की लागत के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है। बीकानेर मण्डल में संरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए अत्याधुनिक कवच 4.0 प्रणाली स्थापित की जाएगी। उत्तर पश्चिम रेलवे पर स्वदेशी टक्कररोधी प्रणाली कवच की स्थापना के लिए 1586 किलोमीटर रेल मार्ग पर स्टेशन कवच, टावर व आप्टिकल फाइबर केबल डालने के कार्य हेतु टेण्डर अवार्ड कर दिए गए है ।

## जीएसटी कटौती से महंगाई कम करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** हाल में जीएसटी दरों में की गयी कटौती से अगले साल तक मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी और देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को भी बल मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में हालांकि यह भी चेतावनी दी गई है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है, क्योंकि अनिश्चितताएं और जोखिम अब भी बने हुए हैं। भले ही वर्तमान में ये जोखिम प्रबंधनीय लगते हैं, लेकिन वे मौजूद हैं।वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि अगर शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं बनी रहीं, तो इसका असर देश के निर्यात क्षेत्रों पर पड़ेगा। इससे घरेलू स्तर पर रोजगार, आय और खपत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका द्वारा नए एच1बी वीजा आवेदकों पर शुल्क बढ़ाने का निर्णय व्यापारिक अनिश्चितताओं के जोखिमों की याद दिलाता है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गुरफान पुत्र इजराहिल पता झुग्गी नं 272, दया बस्ती सराय रोहिल्ला दिल्ली ने एफआईआर सं. 001198 / 22 धारा 379 / 411 / 34 भा.द.स. के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गुरफान** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गुरफान** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 001198 / 22 धारा 379 / 411 / 34 भा.द.स. के तहत** थानाः सराय रोहिल्ला, दिल्ली **के उक्त गुरफान** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
केन्द्रीय, कमरा नं.37,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/12755/N/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2)(ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दानिश पुत्र** मो0 जुबेर **निवासीः** म.नं. 251, स्वरूप नगर एक्सटेन्सन, स्वरूप नगर, दिल्ली ने **FIR No. 290/2025 दिनांक 02.06.2025 U/s 309(4)/309(6)/317(2)/3(5)** भारतीय न्याय संहिता, **2023 थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **दानिश** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **दानिश** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 290/2025 दिनांक 02.06.2025 U/s 309(4)/309(6)/317(2)/3(5)** भारतीय न्याय संहिता, **2023 थानाः स्वरूप नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दानिश** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ज्योति नैन
एलडी. जेएमएफसी-07, कमरा नं. 06
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12391/ON/2025
(Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## पी.सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन





- आमसभा में अंशधारकों द्वारा इस लाभांश को स्वीकृत किया

**आगरा।** पी. सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को होटल पी.एल. पैलेस, संजय प्लेस, आगरा में किया गया। कंपनी के चैयरमैन श्री मंयक जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम्पनी के प्रोडक्ट की बिकी 14059 लाख रूपये हुई है जो गत वर्ष 2023-24 में 13364 लाख थी व कम्पनी का प्रोफिट 960.93 लाख हो गया । कम्पनी ने वर्ष 2024-25 में अपने शेयर धारकों को 30 फीसदी लाभांश देने का प्रावधान किया। आमसभा में अंशधारकों द्वारा इस लाभांश को स्वीकृत किया गया। कम्पनी के शानदार प्रदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों, कर्मचारियों और व्यापारियों का आभार प्रकट किया है ।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित कुमार भट्ट, पताः** मकान नं. 117, 118, गांव व डाकघर–कंझावला, दिल्ली–110081 ने **CT No. 1657/2018 U/s 138 NI ACT, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार भट्ट** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अमित कुमार भट्ट** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 1657/2018 U/s 138 NI ACT, थानाः जहांगीरपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित कुमार भट्ट** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.10.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सेहलोथ
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 213, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/12857/NW/2025
(Court Matter)

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (म.द.विश्वविद्यालय) | एक नई एडवांस टेक्नोलॉजी परफेक्ट बाइंडर मशीन (रोहतक) की खरीद | 25.09.2025 17.10.2025 | रु. 11.00 लाख (जमा जीएसटी) | https://etenders.hry.nic.in | 9467316611 manager.press@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39090/I/88/7 दि. 26.09.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका, महेंद्रगढ़ | नगर पालिका, महेंद्रगढ़ में लीगेसी वेस्ट का बायो-रीमीडियेशन और रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 06.10.2025 | रु. 291.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy-mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/39093/I/88/7 दि. 26.09.25

## शब्द पहेली - 6001



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक –2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता–4
7.जीत, फतेह–2
8.आकाश रेखा, छोर–3
9.तल, पैंदा–2
10.थाती, धरोहर–4
11.मोटा आटा–2
13.सलाह, मशवरा–4
14.अन्य, वो, तिन–2
16.घर,गृह–3
18.धावक (अंग्रेजी–3)
19.नाम रखना–2,3
21.परामर्शदाता–5
24.सुनसान, नीरव–3
26.वन, जंगल–3
28.मिट्टी, रेत–2
29.चेतनाहीन–4
30.पराग कण–2
32.भयभीत होना–4
33.छोटी सवारी गाड़ी–2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी–3
36.द्वार,किवाड़–2
37.जनता की राय–4
38.नाटक लिखने वाला–5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह–2
2.करतब–4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो–3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा–3
5.लीन, मग्न–2
6.जलाऊ लकड़ी–4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू–4)
12.बांया–2
15.आनंदित होना–4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म–3
18.योद्धा–4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म–3
22.मुआवजा–4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया–3,2
25.राज वंश–2,3
26.काम, कार्य–4
27.मादा का विलोम–2
29.उपद्रव फैलाने वाला–4
31.दुनिया, जहान–3
34.क्रिकेट में बनते हैं–2
36.पंख, पराया–2

### शब्द पहेली- 6000 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | ज | क | ता | ■ | ■ | म | वा | ली | ■ |
| स | म | ■ | ल | ■ | चा | ला | न | ■ | ख | त |
| मा | ■ | ■ | प | ना | ह | ■ | न | ■ | ■ | म |
| न | ज | रा | ना | ■ | ■ | म | ■ | क | या | स |
| ता | ■ | व | ■ | ना | ला | य | क | ■ | प | ■ |
| ■ | प्रा | ण | ■ | म | ■ | खा | ■ | जा | न | ■ |
| ■ | रु | ■ | आ | ज | मा | ना | ■ | हि | ■ | म |
| स | प | ना | ■ | द | ■ | ■ | ब | ल | वा | न |
| र | ■ | ■ | स | ■ | ल | की | र | ■ | ■ | भा |
| ल | व | ■ | न | सी | ब | ■ | सा | ■ | दा | व |
| ■ | ध | म | की | ■ | ■ | इ | त | मी | ना | न |



# सुपर ओवर में अर्शदीप के कमाल से भारत ने श्रीलंका को औपचारिकता के मैच में हराया




## अर्शदीप ने सुपर ओवर में महज 2 रन दिए

## टी-20 एशिया कप में पहली बार मैच टाई हुआ

एजेंसी ▶▶| दुबई

सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को एशिया कप में पहली बार दबाव में ला दिया लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह के बेजोड़ प्रदर्शन से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाये। जवाब में निसांका के शतक की मदद से श्रीलंका ने जीत की ओर लगभग कदम रख दिया था। हर्षित राणा के आखिरी ओवर में उसे 12 रन और आखिरी गेंद पर तीन रन चाहिये थे जिस पर दासुन शनाका दो ही रन ले पाये और मैच सुपर ओवर में चला गया। सुपर ओवर पूरी तरह से अर्शदीप के नाम रहा जिन्होंने पांच गेंद में दो रन देकर दो विकेट लिये। भारत को तीन रन का लक्ष्य मिला जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर हासिल कर लिया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना पाक से होगा। टूर्नामेंट में ग्रुप चरण और सुपर 4 में भारत उसे हरा चुका है। इससे पहले लक्ष्य का पीछा करते हुए कुसल मेंडिस को हार्दिक पंड्या ने पहले ही ओवर में आउट कर दिया। इसके बाद निसांका (58 गेंद में 107 रन) और परेरा (32 गेंद में 58 रन) ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।




### भारत-202/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का मेंडिस बो असलंका | 61 |
| शुभमन गिल का और बो तीक्षणा | 4 |
| सूर्यकुमार पगबाधा बो हसरंगा | 12 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 49 |
| संजू का असलंका बो शनाका | 39 |
| हार्दिक पंड्या का और बो चामीरा | 2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 21 |

अतिरिक्त : 14 रन
योगः 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन
विकेट पतन : 1-15 , 2-74 , 3-92, 4-158 , 5-162
गेंदबाजीः तुषारा 4-0-43-0, तीक्षणा 4-0-36-1, चामीरा 4-0-40-1, हसरंगा 4-0-37-1, शनाका 2-0-23-1, असलंका 2-0-18-1

### श्रीलंका-202/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पाथुम का वरूण बो राणा | 107 |
| कुसल मेंडिस का गिल बो पंड्या | 0 |
| परेरा स्ट सैमसन बो वरूण | 58 |
| चरित का गिल बो कुलदीप | 5 |
| मेंडिस का पटेल बो अर्शदीप | 3 |
| दासुन शनाका नाबाद | 22 |
| जनित लियानागे नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : पांच रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन
विकेट पतन : 1-7 , 2-134 , 3-157 , 4-163 , 5-191
गेंदबाजीः पंड्या 1-0-7-1, अर्शदीप 4-0-46-1, राणा 4-0-54-1, अक्षर 3-0-32-0, कुलदीप 4-0-31-1, वरूण 4-0-31-1

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक एशिया पैसिफिक में भारत ने जीते चार पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ शामार की जगह लेन खेलेंगे टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलेंगे, जिनकी जगह नए हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है।



दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने लिखा,' जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है।' बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जाएगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिए हैं। बाईस वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफार्मेंस निदेशक बने स्टीड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई



परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया। स्टीड ने कहा,' न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।'

## भारत ने 9 विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर किया खड़ा

# अंडर-19: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से हराया, वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

मध्यक्रम के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी और राहुल कुमार के अर्धशतकों और वामहस्त स्पिनर खिलान पटेल के चार विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 167 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। वेदांत (92 गेंदों पर 86 रन) और राहुल (84 गेंदों पर 62 रन) की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी से भारत ने नौ विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया ए को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और टीम ने 39 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन (26 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर खिलान पटेल (26 रन पर चार विकेट) के लगातार दबाव के कारण घरेलू टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने पिछले दो मैचों में मेजबान टीम को सात विकेट और 51 रनों से हराया था।

### वेदांत और राहुल ने की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी



### म्हात्रे और वैभव का नहीं चला बल्ला

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) और आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (16) के विकेट जल्दी गिरने से झटका लगा। म्हात्रे लगातार तीसरी बार दहाई के आंकड़े पर पहुंचने में नाकाम रहे। सातवें ओवर में 36 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वेदांत ने विहान मल्होत्रा (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को पटरी पर लाना शुरू किया। वेदांत ने इस दौरे का दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 92 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगलिया (23) और पुछल्ले बल्लेबाज खिलान पटेल के नाबाद 19 रनों ने भारत अंडर-19 को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए घरेलू टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही और सिर्फ़ तीन बल्लेबाज़ ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 रन पर आउट

इसके जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 युवा टीम 28.3 ओवर ही बल्लेबाजी कर पाई और 113 रन पर आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज 50 का आंकड़ भी नहीं छू पाया। भारत ने बड़ी आसानी से 167 रन से इस मैच को जीत लिया। भारत के लिए खिलान पटेल ने 7.3 ओवर में केवल 26 रन देकर चार विकेट लिए। उद्धव मोहन ने 5 ओवर में 26 रन खर्च कर तीन विकेट अपने नाम किए। कनिष्क चौहान ने छह ओवर में 18 रन देकर दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। सीरीज के सभी तीन मैच भारत ने अपने नाम कर लिए हैं। इसके बाद दूसरा मुकाबला भारत ने 51 रन से जीता और आखिरी मैच अब 167 रन से जीत लिया। अब टेस्ट के दो और मैच बाकी हैं, जो 30 सितंबर और सात अक्टूबर से खेले जाएंगे। इसमें भी भारत के युवा प्लेयर्स पर नजर रहने वाली है।

## क्रिकेट

# राहुल और सुदर्शन का शतक भारत-ए ने जीती टेस्ट सीरीज



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

लोकेश राहुल और बी. साई सुदर्शन की शतकीय पारियों से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ए ने जीत के लिए मिले 413 रन के लक्ष्य को अपनी दूसरी पारी में आसानी से हासिल कर लिया।

यह देश के प्रथम श्रेणी इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते छठी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और राहुल की लय टीम के लिए शुभ संकेत है। दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 210 गेंद की पारी में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन बनाए। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 169 रन से आगे से की। टीम ने 189 रन पर पहुंचने के बाद मानव सुथार (पांच) का विकेट गंवा दिया। सुदर्शन हालांकि एक छोर पर डटे रहे और 172 गेंद में 100 रन की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान ध्रुव जुरेल (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश की। सुदर्शन ने 170 गेंदों में प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक जड़कर वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट मैचों के लिए अपने चयन को सही साबित किया। तेईस साल का यह बल्लेबाज शतक पूरा करने के दो गेंद बाद ही ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद आउट हो गया।

## गोल्फ

# जमाल ने जीता तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स खिताब

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

बांग्लादेश के जमाल हुसैन को भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले



साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। ढाका के 40 वर्षीय हुसैन ने 15 लाख रुपए की राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए।

# 1 अक्टूबर से चेन्नई में पहला बीएफआई कप

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उभरते मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से 1 से 7 अक्टूबर तक चेन्नई में पहला बीएफआई कप आयोजित करेगा। यह प्रतियोगिता



पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 10 वर्गों में आयोजित की जाएगी, जिसके स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश मिलेगा। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, 'इसमें कोई शक नहीं कि भारतीय मुक्केबाजी आगे बढ़ रही है और बीएफआई एथलीट केंद्रित दृष्टिकोण के लिए प्रतिबद्ध है, जिसके अच्छे परिणाम पहले से ही दिख रहे हैं।'उन्होंने कहा, 'बीएफआई कप इसी दिशा में एक और कदम है क्योंकि यह कई युवा मुक्केबाजों को अपनी पहचान बनाने और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का मौका देगा।' आठवीं एलीट राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शीर्ष आठ में जगह बनाने वाली राज्य इकाइयां या बोर्ड, रोहतक स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) का राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और मेजबान तमिलनाडु प्रत्येक वर्ग में एक मुक्केबाज को बीएफआई कप में भेज सकते हैं।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईसीसी का एक्शन, एक को सजा, दूसरे को चेतावनी

एजेंसी ▶▶| दुबई

### रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान असभ्य और आक्रामक भाव भंगिमा के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जबकि उनके साथी साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए सिर्फ चेतावनी दी गई।

टूर्नामेंट के सूत्र ने कहा, 'मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को अपनी सुनवाई पूरी की। हारिस रऊफ पर आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।' टूर्नामेंट के सूत्रों के अनुसार रऊफ



और फरहान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की सुनवाई में भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ भाव भंगिमा के लिए खुद को निर्दोष बताया। यह सुनवाई मैच रैफरी रिची रिचर्डसन के यहां पाकिस्तान टीम के होटल में की गई। दोनों खिलाड़ी लिखित में दिए गए जवाबों के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनके सामने पेश हुए। उनके साथ टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा भी थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को एक आधिकारिक शिकायत में दोनों खिलाड़ियों पर भड़काऊ इशारे करने का आरोप लगाया है। दोनों टीमें रविवार को एशिया कप फाइनल में आमने सामने होंगी। रऊफ ने गिरते हुए विमानों का इशारा करके स्टैंड में बैठे भारतीय प्रशंसकों का मजाक उड़ाया था, वहीं फरहान के मैच में अर्धशतक लगाने के बाद मनाए गए जश्न को भी भारतीय टीम ने आपत्तिजनक माना था।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला चौथा देश भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। 5 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैपियनशिप है, जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है।

### आज होगी ये स्पर्धाएं

शनिवार 27 सितंबर को पुरुषों की 5000 मीटर टी11, पुरुषों की 100 मीटर टी71, महिलाओं की 100 मीटर टी71, पुरुषों की 100 मीटर टी47, महिलाओं की 400 मीटर टी20, महिलाओं की लंबी कूद टी37, पुरुषों की लंबी कूद टी11, महिलाओं की गोला फेंक एफ41, महिलाओं की गोला फेंक एफ36, पुरुषों की गोला फेंक एफ37, महिलाओं की चक्का फेंक एफ53, पुरुषों की ऊंची कूद टी63, महिलाओं की भाला फेंक एफ46 में पदक स्पर्धाएं होंगी।

## क्रिकेटर जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते हैं, उस तरीके ने मुझे प्रेरित किया

# ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने के लिए क्रिकेट ने किया प्रेरित: बोल्ट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महान धावक उसेन बोल्ट का कहना है कि प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए देखने के बाद क्रिकेट उनके लिए ट्रैक पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा बना था। बोल्ट का नाम रफ्तार और विश्व रिकॉर्ड का पर्याय है, उन्होंने अपने करियर का अंत आठ ओलंपिक स्वर्ण पदक और 11 विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष पोडियम स्थान के साथ किया, जो कभी भी किसी भी ट्रैक एवं फील्ड एथलीट ने हासिल नहीं किया। जमैका के इस खिलाड़ी ने जमनाबाई नरसी परिसर में कहा, 'मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा मुरीद रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को बढ़ते हुए देखना, वे जिस तरह से काम करते, वे जिस तरह खुद को आगे बढ़ाते और खुद को पेश करते थे, उसने मुझे कम उम्र में कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। '




### शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता

जमैका के 39 वर्षीय एथलीट ने कहा, 'यह कठिन सफर था क्योंकि शीर्ष पर पहुंचना कभी आसान नहीं होता, लेकिन मैं सचमुच दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनना चाहता था इसलिए मैंने चोटों, शंकाओं और कठिन समय के बावजूद खुद को दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक बनने के लिए प्रेरित किया, इसलिए यह सिर्फ समर्पण है।' भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा सहित अधिकांश शीर्ष खिलाड़ी कह चुके हैं कि ओलंपिक स्वर्ण पदक का बचाव करना पहली बार जीतने से कहीं ज्यादा कठिन होता है और बोल्ट भी इस बात से सहमत थे।

### खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरुरत

जमैका ने माइकल होल्डिंग, कर्टनी वॉल्श, क्रिस गेल और जेफ डुजॉन जैसे कई दिग्गज क्रिकेटर दिए हैं तो हो सकता है कि बोल्ट पर उनका प्रभाव पड़ा हो। यह पूछे जाने पर कि महानता के उनके सफर को बताने वाले तीन शब्द क्या हैं तो उन्होंने कहा कि उनके लिए यह पूरी तरह से कड़ी मेहनत का नतीजा था। बोल्ट के नाम 100 मीटर में 9.58 सेकेंड का विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है। खेल के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की जरुरत होती है। मुझे ट्रैक एंव फील्ड बहुत पसंद है इसलिए यह एक ऐसी चीज है, जिसे मैं बचपन से पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।'

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY*
*Conditions apply

Hero GoodLife
जीतने का मौका
100% कैशबैक | 24 कैरेट सोने का सिक्का
और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स*

Also available on
Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Ex-showroom price of Destini 125 in Delhi and may change without any prior notice. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships. #Based on the testing report of govt. Certified agency. Actual mileage may vary as per riding conditions. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. *T&C apply.

TOLL FREE
1800 266 0018

Authorised Dealers: South Delhi:Lajpat Nagar: Sapphire Hero- 9289923175, Pashupati HeroAdchini (Main Mehrauli Road)- 9289922381, Singla HeroPulPrahladpurBadarpur- 9289922771, Okhla Phase II: ARC Hero-9289922461, East Delhi:Durgapuri(Loni Road, Shahadra):Himgiri Hero- 9289922380, PushtaKartar Nagar: Aman Hero- 9289922735, Dilshad Garden: RK Hero- 9289923010, PatparganjPandav Nagar:SinglaAutoneeds Hero- 9289923222, North Delhi:Azadpur: ShramanHero- 9289923185, Pitampura:Shraman Hero – 9289924252,Rithala (Rohini): Metro Hero- 9289922597,BudhVihar:JMD Autoworld Hero- 9289924188, Central Delhi:Karol Bagh(Faiz Road):EssAay Hero- 9289922382, Upper India Hero- 9289924343, West Delhi:Roshan Vihar (Najafgarh):Avni Hero- 9289922671, PaschimVihar (Peeragarhi):Shivganga Hero-9289922796, PalamDabri Road (Dwarka):Singla Hero- 9289922530, Tilak Nagar: Khanna Hero- 9289922383, Bali Nagar: Khanna Hero- 9289924309, Nawada: Khanna Hero- 9289924310.Ghaziabad: Globe Hero- Meerut, Delhi Road- 9289922073, Aman Hero- Shiv Puri, Vijay Nagar- 9289232123;Sahibabad:Sahib Hero- 9289922486; Noida: Dhansri Hero, H-206A, Sector 63- 9289923044, Uppal Hero (B 124, Sector-5)- 9289922462, Singla Hero (C-70, Sector-58)- 9289923059; BulandShahr: Shri Durga Hero, Delhi Road- 9289922504, Krishna Hero, RajeBabu Road- 9289922410, Hapur: Globe Hero- 9289923209,Gurugram: Globe Agencies, Sec–18, Noble Enclave- 9289233915, Himgiri Hero- 9289923046, Sharma Hero, Basai Road Sector 11- 9289923221, Autoneeds Hero- 9289922051, Jasodha Hero- 9289922495, Himgiri Hero (Wazirabad)- 9289924247, Himgiri Hero (Railway Road)- 9289924248;Sohna:Auto Links Hero, No. 160/2 Delhi Road- 9289924089; Faridabad:Sehgal Hero- 9289922419, Sehgal Hero, NIT- 7217627327.

RS/Hero/09/25